प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



भारत और मलेशिया संस्कृति के लिहाज़ से हैं एक दूसरे के बहुत करीब पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज-6 अवैध उगाही में लिप्त दो सिपाही निलंबित

वर्ष : 15 अंक : 53 | बुधवार 11 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# हिंदूस्तान में कायदे से रहना सीखो...गरीबों की जमीन पर कब्जा

## कानून तोड़ेगा तो जहन्नुम मिलेगा, योगी का सख्त संदेश

(एजेंसी) बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी की धरती से विरोधियों और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को कड़ा संदेश दिया। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के दुल्हदेपुर कुटी में आयोजित हनुमत विराट महायज्ञ के मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग 'कयामत' के इंतजार में बैठे हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि न तो कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण कभी संभव होगा। मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत में रहना है तो कायदे से रहना सीखना होगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो लोग कानून और व्यवस्था को चुनौती देंगे, उनके खिलाफ सख्त



कार्रवाई तय है। सीएम योगी तय कार्यक्रम से करीब 40 मिनट पहले दुल्हदेपुर गांव स्थित रामजानकी मंदिर कुटी पहुंचे। उन्होंने विधिवत दर्शन–पूजन किया और संतों के साथ संवाद किया। मंच से संबोधन के दौरान उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को याद दिलाते हुए कहा, "हमने कहा था रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।" जनता की ओर से 'जय श्रीराम' के नारों के बीच जब 'हां' की आवाज गूंजी तो मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए कहाकृ"अब कोई शक?" योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग आज भी कयामत की रात का सपना देख रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि वह रात कभी आने वाली नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण अब असंभव है और जो लोग इस भ्रम में जी रहे हैं, वे इसी तरह सड़–गल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान जिले के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं है। उन्होंने लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर, काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर का निर्माण को मंजूरी दी है। विरासत, किसान और खेल जगत का जिक्र सीएम योगी ने हॉकी के जादूगर बाबू केडी सिंह को याद करते हुए कहा कि उनकी हवेली को बिकने से बचाकर स्मारक बनाया जा रहा है। साथ ही पद्मश्री किसान रामसरन वर्मा और जिले के प्रगतिशील किसानों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग जिले के आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर बनेगा। कार्यक्रम के दौरान 79 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले 'बीमारू' कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का इंजन बन चुका है और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के चलते प्रदेश में कानून– व्यवस्था मजबूत हुई है।

## नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन, राहुल गांधी बोले- हम पूर्व आर्मी चीफ पर करेंगे भरोसा

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं।



राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में इस बारे में पूछे गई पत्रकारों की सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंगुइन इसके प्रकाशन से इनकार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कह, जनरल नरवणे का एक ट्वीट है, जिसमें उन्होंने लिखा है, श्मेरी किताब के लिंक पर क्लिक करें। मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि या तो पूर्व सेना प्रमुख नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन प्रकाशन कंपनी। मुझे नहीं लगता कि पूर्व सेना प्रमुख झूठ बोलेंगे। पेंगुइन प्रकाशन कंपनी का कहना है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है, जबकि अमेजन पर पुस्तक उपलब्ध है। उन्होंने कहा, जनरल नरवणे कहते है, कृपया 2023 में मेरी किताब खरीदें।श मैं पेंगुइन प्रकाशन कंपनी के मुकाबले नरवणे जी पर अधिक विश्वास करता हूँ। क्या आप जनरल नरवणे के मुकाबले पेंगुइन प्रकाशन कंपनी पर अधिक विश्वास करते हैं। मेरा मानना है कि नरवणे जी ने अपनी किताब में कुछ ऐसे बयान दिए हैं जो भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए असुविधाजनक हैं। जाहिर है, आपको यह तय करना होगा कि पेंगुइन प्रकाशन कंपनी या पूर्व सेना प्रमुख में से कौन सच बोल रहा है।ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते से संबंधित सवाल पर कहा कि अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौता हुआ है, उसका कारण समझने के लिए आप इस पोस्टर को देख सकते हैं जिसमें लिखा है कि श्री मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया है।

## सुनेत्रा पवार ने संभाला महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम का पदभार, मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में की पूजा-अर्चना

(एजेंसी) मुंबई। सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को मुंबई स्थित मंत्रालय में महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के



रूप में आधिकारिक तौर पर पदभार ग्रहण किया। वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं। 28 जनवरी को विमान दुर्घटना में उनके पति एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन के बाद 31 जनवरी को उन्हें पद की शपथ दिलायी गयी थी। पदभार ग्रहण करते समय उनके साथ पुत्र पार्थ पवार, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, श्री छगन भुजबल सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। अपने पहले आधिकारिक दिन की शुरुआत सुनेत्रा पवार ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा– अर्चना कर की। इसके बाद उन्होंने मध्य मुंबई के दादर स्थित चौत्यभूमि पहुंचकर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संविधान निर्माता की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर कुछ क्षण मौन भी रखा। वह बाद में मुंबई स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) कार्यालय पहुंचीं, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पति अजीत पवार को श्रद्धांजलि दी। समर्थकों ने नारे लगाकर उनके प्रति समर्थन और एकजुटता व्यक्त की। हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में श्रीमती पवार को राज्य उत्पाद शुल्क, खेल और अल्पसंख्यक विकास जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा उन्हें पुणे और बीड जिलों का संरक्षक मंत्री भी नियुक्त किया गया है, जिसके तहत वे इन दोनों क्षेत्रों के विकास और प्रशासनिक समन्वय की निगरानी करेंगी।

## अब माओवाद नहीं, विकास और आत्मविश्वास की पहचान है बस्तर - पीएम मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की पहचान अब धीरे–धीरे एक नए



रूप में उभर रही है। जिस बस्तर को लंबे समय तक माओवाद, हिंसा और पिछड़ेपन से जोड़कर देखा जाता था, वही बस्तर अब अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और आत्मविश्वास के लिए देशभर में चर्चा का विषय बन रहा है। इसी बदलाव की एक बड़ी मिसाल है बस्तर पंडुम, जिसका आयोजन 7 से 9 फरवरी के बीच बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 7 से 9 फरवरी के बीच छत्तीसगढ़ में बस्तर पंडुम का विशेष आयोजन किया गया। इस उत्सव के दौरान बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का भव्य रूप दिखा। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा, पहले जब बस्तर का नाम लिया जाता था तो माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। आज बस्तर विकास के साथ–साथ स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जाता है। मेरी यही कामना है कि यहां का आने वाला समय शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण हो। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बस्तर पंडुम में शामिल हुए और उन्होंने इसे बस्तर के लिए एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, वामपंथी उग्रवादियों के भय और हिंसा से बाहर निकलकर बस्तर अपनी संस्कृति और धरोहरों को आगे बढ़ा रहा है और विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बन रहा है। आज जगदलपुर (छत्तीसगढ़) के बस्तर पंडुम में जनजातीय बहनों–भाइयों को पुरस्कार वितरित कर उनसे संवाद किया। उन्होंने कहा, नक्सलियों ने जिस बस्तर को सदियों तक आईईडी और बारूदों के अंधकार में झोंक रखा था, मोदी जी के नेतृत्व में वहां की कला, संस्कृति, खान–पान और विरासत वैश्विक पहचान पा रही है। जगदलपुर में बस्तर पंडुम में जनजातीय कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने आगे कहा, कैसे एक सरकार नेक इरादे, नेक मंशा और मजबूत नीति व स्पष्ट नीयत से असंभव से लगने वाले कार्य को भी संभव कर सकती है, श्बस्तर पंडुमच में हंसता–खेलता बस्तर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नक्सलवाद से विकासवाद की उस यात्रा का प्रत्यक्ष साक्षी है।

## लोकसभा में भाजपा महिला सांसदों ने ओम बिरला से मांगी विपक्ष पर सबसे सख्त कार्रवाई, कहा

### पीएम की सीट पर कब्जा कर किया श्घोर अपराध

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था। भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने श्चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे। अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे उनका (लोकसभा अध्यक्ष का) आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका। उन्होंने कहा, इसके अलावा, कुछ महिला सदस्य आक्रामक रुख अपनाते हुए बैनर और तख्तियां लेकर दूसरी ओर चली गईं। उन्होंने प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा किया, और सत्ता पक्ष की बेंच तक पहुंच गईं, जहां वरिष्ठ मंत्री बैठे होते हैं। भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि इस गंभीर उकसावे के बावजूद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर अत्यंत संयम बरता और किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी। पत्र में कहा गया, यदि हमने संयम नहीं बरता होता, तो स्थिति और अधिक बिगड़ सकती थी। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह रही कि इसके बाद





विपक्षी सांसद आक्रामक रूप से आपके (लोकसभा अध्यक्ष) कक्ष की ओर बढ़े। हमें आपके कक्ष के भीतर से तेज आवाजें सुनाई दे रही थीं। सांसदों ने कहा, हम इसलिए आपसे आग्रह करते हैं कि सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने वाले ऐसे घोर अपराध के लिए विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत सबसे कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अपने लगभग सात वर्षों के कार्यकाल में बिरला ने सदन की प्रतिष्ठा और प्रभावशीलता बढ़ाने का लगातार प्रयास किया है। सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला हमेशा निष्पक्ष रहे हैं और उन्होंने सभी सदस्यों को समान अवसर दिया है चाहे सदस्य किसी भी दल के हों। उन्होंने कहा, हम आपके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास और भरोसा व्यक्त करते हैं और महसूस करते हैं कि यह लोकसभा का सौभाग्य है कि उसे आपके जैसा संरक्षक मिला। लोकसभा में दो फरवरी से लगातार व्यवधान देखा जा रहा है। यह तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व थलसेना प्रमुख एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित स्मृतियों के अंशों पर आधारित एक लेख का हवाला देने की अनुमति नहीं दी, जिसमें 2020 के भारत–चीन संघर्ष का उल्लेख था। विपक्ष के विरोध–प्रदर्शन के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब नहीं दे सके। एक अभूतपूर्व कदम के तहत पांच फरवरी को प्रधानमंत्री के परंपरागत भाषण के बिना ही धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर सुनाया, जिसे विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बिरला ने यह भी कहा था कि उन्हें ठोस जानकारी मिली थी कि कई कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री मोदी की सीट तक पहुंचकर कोई अप्रत्याशित कदम उठा सकते हैं, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री से सदन में आकर संबोधन न देने का आग्रह किया था। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने इस दावे का खंडन किया है। सदन में अनुशासनहीन व्यवहार के लिए आठ विपक्षी सदस्यों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## बजट को लेकर शशि थरूर का सरकार पर तंज, दिल के खुश रखने को गालिब खयाल अच्छा है

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आरोप लगाया कि वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में बेरोजगारी को नजरअंदाज किया गया, रहन–सहन पर खर्च और असमानता की अनदेखी की गई और आम आदमी की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने सदन में केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा की शुरूआत करते हुए मिर्जा गालिब के एक मशहूर शेर का उल्लेख करते हुए सरकार पर कटाक्ष किया कि हम को मालूम है जन्नत की हकीकध्त लेकिन दिल के खुध्श रखने को गालिब ये खध्याल अच्छा है। कांग्रेस नेता कहा कि इस साल के बजट को देखकर प्रतीत होता है कि कार में एयर बैग को रीअरेंज कर दिया गया है ताकि उसमें बैठे यात्री सुरक्षित महसूस करें। थरूर ने दावा किया, बजट में बेरोजगारी को नजरअंदाज किया गया, रहन–सहन पर खर्च और असमानता की अनदेखी की गई है। आम आदमी के संघर्ष पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले बजट में 53 बड़ी कल्याणकारी योजनाओं के लिए पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया लेकिन वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में केवल 41 प्रतिशत ही खर्च किया गया। उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं



के लिए आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा खर्च नहीं किये जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह शासन नहीं, हेडलाइन मैनेजमेंट है। थरूर ने कृषि क्षेत्र पर बजट में ध्यान नहीं दिये जाने का आरोप लगाते हुए कहा, हमारे किसानों की आय दोगुनी करने का वादा आपसे पूरा तो हो नहीं पाया, कम से कम उनकी सम्मान निधि तो बढ़ा दीजिए। पिछले छह साल से यह (प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि) केवल छह हजार रूपये पर अटकी हुई है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के लक्ष्य को सराहनीय बताया, हालांकि इस दिशा में बजट में किसी विश्वसनीय पथ पर आगे नहीं बढ़ने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, बेरोजगारी का बढ़ना जारी है। नौकरियां कम हो गई हैं। राहत पाने के लिए पहले से जद्दोजहद कर रहे छोटे कारोबार नियमों के अनुपालन के विभिन्न चरण में फंस गए हैं। अनौपचारिक श्रमिकों और गिग वर्कर को अनिश्चिता एवं असुरक्षा की स्थिति में धकेल दिया गया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, गिग वर्कर हमारी नयी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। लेकिन बजट में उनका कोई जिक्र नहीं है। थरूर ने कहा कि डेढ़ लाख से अधिक स्कूलों में बिजली आपूर्ति नहीं है। उन्होंने कहा, असल में विकसित भारत नारों, भाषणों या प्रतीकों से नहीं बनेगा, बल्कि भारत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने से बनेगा।

हिन्दी दैनिक
न्यूज वाणी
फतेहपुर


# सम्पादकीय

## संसदीय लोकतंत्र का सुखद प्रसंग

आज की संसदीय राजनीति जिस दौर से गुजर रही है। उसने लोकतंत्र समर्थकों के लिए चिंता पैदा कर दी है। देखने को मिल रहा है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता और किसी भी मुद्दे पर एक राय न होना संसदीय राजनीति के लिए मुश्किल होता जा रहा है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बात दूं कि वहीं इन सबके बीच कुछ ऐसे भी प्रसंग देखने को मिलते है जो कहीं न कहीं संसदीय राजनीति के लिए शुभ संकेत है। जिसकी एक बानगी पिछले दिनों जम्मू–कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान देखने को मिली। यहां हम जिक्र कर रहे हैं जब नगरोटा की भाजपा विधायक देवयाणी राणा की। मालूम हो कि वो पहली बार विधायक बनी हैं। लेकिन जम्मू–कश्मीर विधानसभा में उनका पहला ही भाषण ऐसा जोरदार था कि सत्ता पक्ष के विधायक भी मेज थपथपाते नजर आए। आम तौर पर ऐसा विरले ही होता है कि जब कोई विपक्षी सदस्य सदन में सरकार को कोसे, उसकी आलोचना करें, लेकिन सत्ता पक्ष के विधायक उनका हौसला बढ़ाते नजर आए। जब भाजपा विधायक देवयाणी राणा ने बजट पर सरकार को घेरना शुरू किया तो उन्होंने आंकड़ों के साथ इस तरीके से सवाल उठाए कि सत्ता पक्ष के लोग भी उनकी प्रशंसा करते आए। जैसा कि उल्लेखनीय है कि जम्मू और कश्मीर विधानसभा में देवयाणी राणा का यह पहला भाषण था, जब देवयानी केंद्र शासित प्रदेश के बजट पर बोलने के लिए खड़ी हुईं तो सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस के सदस्य अपनी मेजें थपथपाते नजर आए, उनके भाषण के समापन पर भी उन्होंने ऐसा ही किया, जबकि उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा प्रस्तुत बजट की आलोचना की। देवयाणी राणा के भाषण से शुरू करने से पहले विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सदस्यों से उनका हौसला बढ़ाने का अनुरोध किया। मालूम हो कि देवयाणी राणा अपने पिता दविंदर सिंह राणा के निधन के बाद हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल कर सदन पहुंची हैं। उनके पिता दविंदर सिंह राणा जम्मू से नेशनल कॉफ्रेंस के कद्दावर नेता थे, उनकी गिनती उमर अब्दुल्ला के करीबी नेताओं में होती थी। लेकिन कुछ साल पहले वह भाजपा में शामिल हो गए। फिर अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद उनका निधन हो गया। जिसके बाद नगरोटा में हुए उपचुनाव में भाजपा ने देवयाणी को उतारा था, देवयाणी चुनाव जीतने के बाद अब अपने पिता की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। मालूम हो कि बीते दिनों मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू और कश्मीर विधानसभा में 1.13 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट पर जब चर्चा हुई और देवयाणी के बोलने का समय आया तो पूरे सदन ने उनके 12 मिनट के भाषण को पूरी खामोशी से सुना। जबकि इस दौरान देवयानी राणा बजट की कड़ी आलोचना कर रही थी। उन्होंने आंकड़ों के साथ शिक्षा, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बजट के आवंटन में कटौती के लिए सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, यह कटौती ऐसे वर्ष में हुई है जब अभूतपूर्व और लगातार बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से नगरोटा निर्वाचन क्षेत्र को तबाह कर दिया है। उल्लेखनीय हो कि पिछले साल अगस्त और सितंबर में जम्मू और कश्मीर में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में दर्जनों लोगों की जान चली गई और सैकड़ों परिवार बेघर हो गए थे। किश्तवार में वैष्णो देवी तीर्थयात्रा और माछैल यात्रा भूस्खलन की चपेट में आ गई, जिसमें 100 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। राणा ने आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए धनराशि बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने शिक्षा समेत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में धनराशि कम करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने पूछा, "शिक्षा पर अगर हम पिछले बजट से 193 करोड़ रुपये कम खर्च करते हैं, तो स्कूल बंद हो जाएंगे या उनका विलय हो जाएगा. ऐसे में गरीब बच्चे की पढ़ाई कैसे आगे बढ़ेगी?" युवा विधायक ने कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार की नीतियों में खामियों की भी आलोचना की। उदाहरण के लिए, उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए मुत बस सेवा में दिव्यांग–अनुकूल सुविधाओं वाली बसें नहीं हैं। बजट की तीखी समीक्षा और उमर अब्दुल्ला सरकार की आलोचना के बावजूद राणा ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा में दोनों पक्षों की तालियों और प्रशंसा के साथ अपना भाषण समाप्त किया।


नफीस जाफरी

## भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए नुकसान का पहलू

अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से भारत के श्रम–केंद्रित उद्योगों को राहत मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू–राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ–साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो हानिकारक बात होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने अपने चिर–परिचित अंदाज में भारत से ट्रेड डील होने का एलान किया। कहा कि इसके तहत अमेरिका भारत पर शलिबरेशन डे टैरिफ्य को 25 से घटा कर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करेगा, अमेरिका से व्यापार में टैरिफ एवं गैर–टैरिफ रुकावटों को शून्य कर देगा, और 500 बिलियन डॉलर के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला एवं अन्य उत्पाद खरीदेगा। 500 बिलियन डॉलर का अर्थ भारत के सालाना बजट का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा (तकरीबन 46 लाख करोड़ रुपये) है। बहरहाल, ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जारी अपने बयान में प्रधानमंत्री ने सिर्फ यह उल्लेख किया कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में अब सिर्फ 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। इससे ट्रेड डील को लेकर फिर से अस्पष्टता बन गई। बहरहाल, यह साफ है कि इस डील को हासिल करने के लिए भारत ने आगे बढ़ कर कई बड़ी रियायतें दी हैं। उनमें से कई तो करार के पहले ही दे दी गईं। इनमें अमेरिका के कृषि, वाहन, सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातु एवं केमिकल्स उत्पादों पर भारत में आयात शुल्क में भारी कटौती शामिल है। साथ ही रक्षा सौदों का दायरा बढ़ाया गया। परमाणु उत्तरदायित्व कानून में अमेरिकी कंपनियों के अनुकूल बदलाव किया गया। ट्रंप प्रशासन के दबाव में भारत ने रूस से तेल की खरीदारी घटाई, ऐसी खबरें सुर्खियों में रही हैं। अब अगर ये पहलू ट्रेड डील का हिस्सा है, तो यह बेहद आपत्तिजनक बात होगी। इसलिए कि यह अपने संप्रभु निर्णय को किसी अन्य देश की भू–राजनीतिक जरूरतों के सामने समर्पित करने जैसा होगा। दरअसल, खरीदारियों के बारे में भी कोई व्यक्ति या देश अपनी जरूरत एवं बाजार के तर्कों से फैसला लेता है। किसी दबाव में आकर इस बारे में बंधना अपने हितों से समझौता होगा। अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से वस्त्र, जेवरात आदि जैसे श्रम–केंद्रित उद्योगों को राहत अवश्य मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू–राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें ट्रेड डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ–साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो नुकसान का पहलू होगा।

# भारत और मलेशिया संस्कृति के लिहाज़ से हैं एक दूसरे के बहुत क़रीब


गुलफिशा खान

रामकथा केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दक्षिणघ्पूर्व एशिया में भी उसने गहरी सांस्:तिक छाप छोड़ी है। मलेशिया में रामायण पर आधारित प्रसिद्ध रचना 'हिकायत सेरी राम' इसका अहम उदाहरण है। मलेशिया में इस्लाम का प्रभाव बढ़ने के बावजूद भी रामकथा की निरंतरता बनी हुई है और यह दर्शाता है कि मलेशिया के जन जीवन पर रामायण का कितना असर है। मालूम हो कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर मलेशिया थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'हिकायत सेरी राम' पर आधारित पारंपरिक मलय कठपुतली प्रदर्शन तिता सेरी राम देख। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा इस प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि इस प्रदर्शन ने खूबसूरती से उन साझा सांस्:तिक धागों को प्रतिबिंबित किया है, जो हमें आपस में जोड़ते हैं और साथ ही रामायण की प्रासंगिकता को भी विभिन्न देशों में उजागर किया है। मलेशिया में 13वीं शताब्दी के आसपास इस्लाम पहुंचा। बावजूद इसके रामायण परंपरा जीवित रही। मलय रामायण की सबसे प्राचीन पांडुलिपि वर्ष 1633 ईस्वी में ऑक्सफोर्ड के बोडलियन लाइब्रेरी में जमा कराई गई थी। यह बताता है कि इस्लाम के आगमन के बाद भी मलय समाज रामकथा से जुड़ा रहा। मलेशिया में रामकथा का सबसे विस्तृत रूप 'हिकायत सेरी राम' में मिलता है। हालांकि इसके लेखक अज्ञात हैं। माना जाता है कि इसकी रचना तेरहवीं से सत्रहवीं शताब्दी के बीच हुई। इसके अलावा 'पातानी रामकथा' और 'हिकायत महाराज रावण' जैसी लोककथाएं भी मलय राम परंपरा को समृद्ध करती हैं। 'हिकायत सेरी राम' की कथा कई विचित्र और अनोखे प्रसंगों से भरी है। इसका आरंभ रावण की जन्मकथा से होता है, जिसमें उसे दस सिर और बीस भुजाओं वाले शासक के रूप में दिखाया गया है। रावण को पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल का राजा बनाए जाने की कथा में ऐसे कई उल्लेख मिलते हैं, जो इस रचना पर इस्लामी प्रभाव को दर्शाते हैं। इस कथा में रावण के तीन विवाह, उसके पुत्रों.इंद्रजित, महिरावण और गंगमहासुर की उत्पत्ति और मंदोदरी से जुड़ी कथा पारंपरिक वाल्मीकि रामायण से काफी अलग है। दशरथ, राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की कहानियां भी यहां नए रूप और प्रतीकों के साथ सामने आती हैं। सीता के जन्म और स्वयंवर की कथा भी 'हिकायत सेरी राम' में अलग अंदाज में मिलती है। सीता को लोहे के बक्से में समुद्र में फेंके जाने और बाद में ऋषि कलि द्वारा पाए जाने की कथा मलय लोकविश्वासों से जुड़ती हैं। विवाह की शर्त के रूप में 40 ताड़ के वृक्षों को एक बाण से भेदने की शर्त रखी जाती है। पूरी रचना में राम को 'सेरी राम' के नाम से जाना गया है और कथा के आखिर में सीताघ्राम के पुनर्मिलन के बाद अयोध्या के निर्माण का उल्लेख है। यह रचना दिखाती है कि कैसे रामकथा ने स्थानीय संस्:ति, धर्म और लोकविश्वासों के साथ खुद को ढाल लिया। जहां तक भारत और मलेशिया के संबंधों का सवाल है तो आसियान देश मलेशिया से भारत के हजारों साल पुराने व्यापारिक–सांस्:तिक संबंध रहे हैं। यहां आज भी 50 से ज्यादा हिंदू और बौद्ध मंदिर इसका गवाह हैं। मलेशिया 14वीं–15वीं शताब्दी इस्लाम के आगमन से पहले लगभग 1500 सालों तक



हिंदू और बौद्ध धर्म के प्रभाव में रहा। इंडोनेशिया, कंबोडिया की तरह दक्षिण–पूर्व एशिया के देश मलेशिया में कभी हिंदू शासकों का साम्राज्य फैला था। दक्षिण भारत के प्रतापी राजा राजेंद्र चोल की यहां समुद्री विजय का इतिहास भी है। मलेशिया की कुल आबादी लगभग 3.5 करोड़ है। इसमें हिंदू आबादी करीब 6.3 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत है। मलेशिया में लगभग 22 से 23 लाख हिंदू रहते हैं। यहां अधिकांश हिंदू तमिल मूल के हैं। मलेशिया की कुल हिंदू आबादी का लगभग 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत हिस्सा यानी करीब 20 लाख तमिल और तमिलनाडु से जुड़े हैं। बाकी के 10–15 प्रतिशत हिंदुओं में मलयाली, तेलुगु, पंजाबी और उत्तर भारतीय हैं। दुनिया में भारतीय मूल की आबादी के मामले में मलेशिया दूसरी पायदान पर है। भारतीय व्यापारी और विद्वान पहली शताब्दी के आसपास समुद्री रास्तों से मलय प्रायद्वीप पहुंचे और वहां संस्:त भाषा, हिंदू धर्म और शासन की प्रणालियों का वहां प्रसार किया। मलेशिया के राजाओं ने भी महाराजा की उपाधियां अपनाईं और ब्राह्मणों को सलाहकार बनाया। यह मलेशिया का सबसे पुराना राज्य माना जाता है। दूसरी सदी में यानी आज से 1800–1900 साल पहले हिंदू धर्म के प्रभाव में आया. प्राचीन तमिल साहित्य में इसे कदाहारम कहा गया है। केदाह की बुजांग वैली में आज भी 50 से अधिक हिंदू–बौद्ध मंदिरों के अवशेष मिलते हैं। मलेशिया 7वीं से 13वीं शताब्दी तक श्रीविजय साम्राज्य के प्रभाव में रहा। इसका केंद्र सुमात्रा (इंडोनेशिया) में था, लेकिन मलय प्रायद्वीप का एक बड़ा हिस्सा उनके शासन के अधीन था। ये हिंदू और महायान बौद्ध धर्म का एक बड़ा केंद्र बना। मलेशिया के राजा चोल साम्राज्य के साथ व्यापारिक और राजनयिक संबंध रखते थे। मलयेशिया के इतिहास में 11वीं शताब्दी में बड़ा घटना घटी। जब बड़ी नौसेना ताकत रखने वाला राजेंद्र चोल प्रथम ने दक्षिण भारत से जाकर वहां हमला बोला। दक्षिण भारत के चोल वंश ने 1025 ईस्वी में श्रीविजय के नियंत्रण वाले मलय बंदरगाह (जैसे केदाह) पर हमला किया। ताकि समुद्री व्यापार मार्ग पर अपना कब्जा जमा सकें। फिर कई दशकों तक मलेशियाई क्षेत्र में चोलों का प्रभाव रहा। मजापहित साम्राज्य (13वीं से 15वीं सदी) वो अंतिम महान हिंदू साम्राज्य था, जिसने मलेशिया के कई प्रांतों पर राज किया। मजापहित के शासन में हिंदू संस्:ति, वास्तुकला और कानूनी प्रणाली अपनी चरम सीमा पर थी। मलेशिया में 14वीं शताब्दी के अंत और 15वीं शताब्दी में हालात बदलने लगे। 1400 ईस्वी के करीब पालमबांग के एक राजकुमार परमेश्वर ने मलक्का की स्थापना की। पहले वह हिंदू शासक था लेकिन बाद में उसने इस्लाम स्वीकार कर लिया और अपना नाम सुल्तान इस्कंदर शाह रख लिया। उसने मलक्का सल्तनत की स्थापना की। अरब और भारतीय मुस्लिम व्यापारियों के साथ बेहतर व्यापारिक संबंधों के लिए स्थानीय शासकों ने धीरे–धीरे इस्लाम अपनाना शुरू कर दिया। सूफी संतों के प्रचार और सामाजिक समानता के संदेश ने भी आम आबादी को प्रभावित किया। मलेशिया में भले ही शासन बदल गया लेकिन मलेशिया में आज भी हिंदू संस्:ति के प्रतीक अस्तित्व में हैं। मलय भाषा के हजारों शब्द संस्:त से निकले हैं (जैसे राजा, भक्ति, सुयर्गा (स्वर्ग), नरक, पुआसा (उपवास) आदि। हिकायत सेरी राम भी वहां की सांस्:तिक विरासत है। मलेशिया के राजा का राज्याभिषेक (ब्वतवदंजपवद) आज भी कई हिंदू–ब्राह्मणवादी रीति–रिवाजों से मिलता–जुलता है। कई मलय मुसलमानों के नाम आज भी संस्:त मूल के होते हैं। इतिहासकार बताते हैं कि 11वीं शताब्दी में जब राजेंद्र चोल ने समुद्री अभियान चलाया था, तो बुजांग वैली (कदाहारम) उनके नियंत्रण में आ गई थी। चोलों ने यहां शिव और विष्णु के मंदिरों के विस्तार और रखरखाव में बड़ी भूमिका निभाई थी। यहां पुरातत्व संग्रहालय है। ये मलेशिया का सबसे पुराना ऐतिहासिक स्थल है। दक्षिण–पूर्व एशिया के व्यापारिक मार्गों पर श्रीविजय साम्राज्य का शासन था और वो चीन और भारत के बीच होने वाले व्यापार पर भारी टैक्स वसूलते थे और भारतीय व्यापारियों को परेशान करते थे। राजेंद्र चोल प्रथम अपने व्यापारियों के लिए रास्ता साफ करना चाहते थे। अपनी नौसैनिक शक्ति (छंअल) के प्रदर्शन और ताकत दिखाना चाहते थे। राजेंद्र चोल ने बंगाल की खाड़ी को पार करने के लिए एक विशाल बेड़ा तैयार किया। इसमें जहाजों के साथ–साथ हजारों की संख्या में सैनिक और युद्ध के हाथी भी शामिल थे। यह उस समय की दुनिया की सबसे आधुनिक नौसेना मानी जाती थी। चोल सेना ने 1025 ईस्वी के आसपास सबसे पहले कदाहारम (आधुनिक केदाह और बुजांग वैली) पर हमला किया। चोलों ने श्रीविजय के राजा संग्राम विजयातुंगवर्मन को बंदी बना लिया। उन्होंने मलेशिया के तटीय क्षेत्रों जैसे पन्नई और मलयुर पर कब्जा किया। राजेंद्र चोल ने कदाहारम कोंडन (कदाहारम को जीतने वाला) की उपाधि धारण की। चोलों ने वहां सीधे शासन करने के बजाय स्थानीय राजाओं पर अपनी अधीनता कायम की। वहां धर्म और संस्:ति पर गहरा प्रभाव डाला। बुजांग वैली में मिले कई मंदिरों की वास्तुकला चोल शैली से प्रेरित हैं। यहां संस्:त और तमिल का प्रसार हुआ। चोलों की जीत के बाद केदाह (मलेशिया) दक्षिण–पूर्व एशिया का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र बन गया। तंजौर (तमिलनाडु) के प्रसिद्ध राजराजेश्वर मंदिर के शिलालेखों में राजेंद्र चोल की इस समुद्र पार विजय का जिक्र है।

# टी-20 विश्वकप, मोहम्मद सिराज़ आए और छा गए


शबाब हुसैन

अमेरिकी क्रिकेट टीम की काबिलियत को इंकार करना किसी भी क्रिकेट एक्सपर्ट के लिए आसान नहीं। भारत ने टी–20 वर्ल्ड कप में लड़खड़ाई शुरुआत की। भारत ने अपने पहले 4 विकेट पावरप्ले के अंदर ही गंवा दिये, वो भी 46 रनों के मामूली स्कोर पर। बड़ी बात ये है कि कॉमेन्टेटर कहते रहे कि ये मुंबई में वानखेड़े की पिच खराब नहीं है। लेकिन अभिषेक शर्मा 0 के साथ लौटे तो ईशान किशन 16 गेंदों पर 20 रन ही बना सके। पावर प्ले ख़त्म होते–होते टीम इंडिया पैनिक मोड में आ गई। यहां यह बताते चलें कि दो साल पहले 2024 में न्यूयॉर्क में खेले गए वर्ल्ड कप में भी अमेरिकी टीम ने भारतीय टीम की हालत पतली कर दी थी। तब अमेरिका ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत के सामने 111 रनों का लक्ष्य रखा था। उस मैच में कप्तान रोहित शर्मा 3 और विराट कोहली 0 के साथ लौटे थे। ऋषभ पंत भी सिर्फ़ 18 रन ही बना सके थे। 111 के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 18.2 ओवर तक मैच को ले जाना पड़ा और उसने अपने 3 विकेट गंवा दिये थे। लेकिन तब भी सूर्यकुमार यादव ने अर्द्धशतकीय पारी खेलकर भारत के लिए संकटमोचक का रोल अदा किया था। उस मैच में 49 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाये थे, 2 चौके और 2 छक्कों के साथ। और इस बार भी अमेरिका के खिलाफ खेले गए मैच में टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मुश्किल समय में 84 रनों की जो नाबाद पारी खेली उसके बार में पूर्व क्रिकेटर और कॉमेन्टेटर आकाश चौपड़ा ने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी–20 क्रिकेट में भले ही शतक लगाए हों लेकिन उनकी यह पारी उनकी खेली गई तमाम पारियों में सर्वश्रेष्ठ है। बहरहाल, हम यहां चर्चा कर रहे हैं मियां मैजिक के नाम से मशहूर मोहम्मद सिराज की। कहते हैं भगवान के पास हमेशा आपके लिए एक प्लान होता है, ऐसा ही मोहम्मद सिराज के साथ हुआ है। मोहम्मद सिराज की यह मौजूदगी किसी तय योजना का हिस्सा नहीं थी। न इस टी 20 वर्ल्ड कप की, न ही इस टूर्नामेंट की पहली रात की। एक दिन पहले तक उनकी ज़िंदगी बिल्कुल अलग दिशा में जा रही थी। लंबे घरेलू सीजन के बाद वह ब्रेक लेने वाले थे। मैड्रिड में रियल मैड्रिड बनाम रियल सोसिदाद का मैच देखने के टिकट पहले से थे। रमजान नजदीक था, परिवार के साथ वक्त बिताने की तैयारी थी। क्रिकेट, कम से कम फिलहाल, एजेंडा में नहीं था। फिर अचानक हालात बदले। हर्षित राणा चोटिल हो गए और किस्मत ने सिराज का दरवाज़ा खटखटाया। कॉल सूर्यकुमार यादव की थी, और शुरुआत में सिराज को लगा कि शायद मज़ाक हो रहा है। सिराज ने मैच के बाद कहा कि, उन्हें टीम में आने को लेकर सबसे पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फोन किया था और उन्हें बताया था कि उनकी टीम में वापसी हो गई है। मियां, तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो और आओ। मैंने कहा, सूर्या भाई, मज़ाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला। उन्होंने कहा, मियां, मैं सीरियस हूँ, तैयार हो जाओ। देखते ही देखते वह फिर से भारतीय जर्सी पहनकर वर्ल्ड कप का मुकाबला खेलने जा रहे थे एक ऐसा टूर्नामेंट, जिसे लेकर उन्होंने खुद को पहले ही बाहर मान लिया था। वह खिलाड़ी जो टी–2–0 वर्ल्ड कप की टीम का हिस्सा तक नहीं था, वह अचानक टीम में आया और पहले ही मैच में मैच जीताऊ परफॉर्मेंस कर टीम को जीत दिला दी। सिराज ने यूएसए के खिलाफ पहले मैच में शानदार गेंदबाजी की और 3 विकेट लेने में सफल रहे। भारत की जीत में जहां सूर्या की 84 रन की पारी अहम रही लेकिन बाद में सिराज ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से भारत की जीत सुनिश्चित की। कहा जाता है कि सिराज को टी 20 में असरदार नहीं बताए जाने के बाद 2024 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया गया था। लेकिन जैसा कि उल्लेखनीय है कि आखिर में गंभीर ने हर्षित राणा के चोट के कारण बाहर होने के बाद उन्हें टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल करने के लिए बुलाया। बाद में सिराज ने माना कि यह सब किसी सपने जैसा लगा। टी 20 फॉर्मेट में लंबे समय से मौके



न मिलने के कारण उन्हें लगने लगा था कि अब यह चैप्टर बंद हो चुका है। लेकिन फोन आया, और सब बदल गया। उस वक्त वह घर पर परिवार के साथ थे। उन्होंने बस इतना कहा ऊपरवाले ने चाहा तो रास्ता अपने आप बन गया। पहले मैच में जसप्रीत बुमराह भी इलेवन का हिस्सा नहीं थे। ऐसे में सिराज पर बड़ी जिम्मेदारी थी। सिराज ने पूरी जिम्मेदारी खुद पर ले ली और पहले मैच में शानदार गेंदबाजी कर दिखाया कि क्यों वो दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाज में से एक हैं। जब भी बुमराह बाहर बैठते हैं तो सिराज हमेशा अलग दिखते हैं और सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हैं। ऐसा ही एक बार फिर सिराज ने किया। अमेरिका के खिलाफ वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में उन्हें सीधे प्लेइंग इलेवन में उतारा गया। और उन्होंने वही किया, जिसकी टीम इंडिया को सबसे ज्यादा ज़रूरत थी नई गेंद से शुरुआती ब्रेकथ्रू और आखिर में मैच पर लगाम। 29 रन देकर तीन विकेट का आंकड़ा उनकी भूमिका को पूरी तरह नहीं बताता। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भले ही सूर्यकुमार यादव को मिला, लेकिन मैच की दिशा शुरुआती ओवरों में सिराज ने ही तय की। उनकी योजना बिल्कुल साफ थी नई गेंद से स्टंप्स पर हमला, विकेट टू विकेट गेंदबाज़ी। यही उनका तरीका है, चाहे कोई भी फॉर्मेट हो. गेंद को पूरे ज़ोर से सही जगह पिच करना और प्रोसेस पर भरोसा रखना। मैच से एक रात पहले भी उनके दिमाग में यही था अपने हथियारों पर भरोसा और सही एग्ज़ीक्यूशन। उनके फोन के वॉलपेपर पर आज भी एक शब्द लिखा है ''भरोसा''। यह उनके सफ़र की याद दिलाता है और उन्हें ज़मीन से जोड़े रखता है। सिराज के लिए तैयारी सिर्फ़ नेट्स या ड्रिल्स तक सीमित नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और तैयार रहने की आदत है। भारतीय क्रिकेट में बिताए सालों ने उन्हें सिखाया है कि कब और कैसे मौके के लिए तैयार रहना है। वर्ल्ड कप का दबाव अलग होता है, भावनाएँ भी उफान पर होती हैं। लेकिन सिराज ने उस दबाव को अनुशासन में बदला। निजी योजनाओं या छूटे हुए पलों पर नहीं, बल्कि सही समय पर सही गेंद डालने पर ध्यान रखा। जिस रात उन्हें बर्नबेउ की रोशनी में फुटबॉल देखना था, उस रात वह लडलाइट्स के नीचे गेंद थामे खड़े थे. टिकट की जगह हाथ में मैच बॉल थी. आराम की जगह अचानक मिला बुलावा. सिराज ने इसे सहजता से स्वीकार किया जो लिखा है, वही होता है। और उस रात उनकी कहानी सीम मूवमेंट, स्विंग और तीन अहम विकेट्स के रूप में लिखी गई। यूएसके के खिलाफ मैच की बात करें तो टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी निराशाजनक रही थी. कप्तान सूर्यकुमार यादव को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंद पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन बनाकर भारत का स्कोर 161 रन तक पहुंचाया। यूएसए की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन बना सकी और 29 रन से मैच हार गई. भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने 3, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2–2 विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती को 1 विकेट मिला।

# सेफर इंटरनेट डे : डीएम के नेतृत्व में कार्यशाला का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के नेतृत्व में विकास भवन सभागार कक्ष में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जहाँ एआई शिक्षा एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके माध्यम से फैल रहे डीप–फेक, डेटा प्राइवेसी उल्लंघन जैसे खतरों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी एआई टूल का उपयोग करते समय व्यक्तिगत एवं संवेदनशील जानकारी साझा न करें। वित्तीय सुरक्षा के संबंध में उन्होंने बताया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय सदैव बैंक की आधिकारिक वेबसाइट एवं सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें। सार्वजनिक वाई–फाई के माध्यम से वित्तीय लेन–देन करने से बचें तथा अपने पासवर्ड और पिन को समय–समय पर बदलते रहें। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश पुलिस की साइबर सुरक्षा टीम से लोकेश ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। यदि इस प्रकार की कोई कॉल प्राप्त होती है, तो उसकी तुरंत सूचना दें, ताकि साइबर अपराधियों के खिलाफ उचित स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। कार्यशाला में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय), नेटवर्क इंजीनियर, डीआरएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# स्टेट रिव्यू मिशन टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्टेट रिव्यू मिशन (एसआरएम) की मुरादाबाद मंडल की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन किया। रविवार के दिन भी टीम के सदस्यों ने ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, प्रसव कक्ष सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के अभिलेखों की भी जांच की। एसआरएम टीम के सदस्य एम. रहमत अली ने आपातकालीन सेवाओं और प्रसव सुविधाओं की समीक्षा की, जबकि एआरओ अमित पाल एवं डीएफपीएम द्वारा ओपीडी, आईपीडी और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार एवं निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। सीएचसी, पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा समस्त रोग मेला कार्यक्रम का भी टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर सीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिसमें डॉ प्रमोद कुमार, डॉ. राजीव पुंडीर, अशोक कुमार, चमन सिंह, अमरकांत, अनुज कुमार, तिरस पाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने अधिकारियों संग सदर तहसील का किया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा आज अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी के साथ सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों में अत्यधिक शिथिलता और लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज की व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी निरीक्षण की शुरुआत में उप जिलाधिकारी कोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने मुकदमों के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की धारा–24 के अंतर्गत मुकदमों की सही पैरवी न करने और विशेष रूप से अमर सिंह बनाम करण सिंह मामले में रिपोर्ट सही ढंग से प्रस्तुत न करने पर जिलाधिकारी ने पेशकार को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान लंबित वादों की संख्या अत्यधिक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई, उन्होंने तहसीलदार और उनके पेशकार को चार्जशीट देने के निर्देश देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार की चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निम्नलिखित बिंदुओं पर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लंबित बैनामों की सूची तैयार कर तत्काल पेंडेंसी निकालने और केस दर्ज करने के बाद नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जाए, धारा–67, धारा–24 और धारा–16 के अंतर्गत लंबित अनुपालनों को पूर्ण करने को कहा, तहसील के खतौनी कक्ष में लगी पेटीएम मशीन खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति जताई और तहसीलदार को निर्देशित किया कि इसे तत्काल ठीक कराया जाए, जिलाधिकारी ने ऑफलाइन मुकदमों के दर्ज होने पर सख्त रूप अपनाते हुए कहा कि जिन पटलों पर ऑफलाइन केस सर्वाधिक है, उनकी सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए, उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे पटल सहायकों और उत्तरदाई अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चार्जशीट जारी की जाए। अंत में उन्होंने कहा कि जनता के वादों के निस्तारण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही बरतेगा। उसके विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एसबीआई में सेंध लगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नूरपुर, बिजनौर। ताजपुर के मोहल्ला सैनी धर्मशाला निवासी दीपक ने चोरी का रास्ता अपना लिया। उसने कर्ज लेकर अपना कारोबार शुरू किया था लेकिन घाटा हो गया। करीब आठ लाख का कर्ज उतारने के लिए उसने दो–तीन फरवरी की रात में स्टेट बैंक शाखा में नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया। पुलिस ने उसे गिरतार कर चालान कर दिया। नूरपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर बस स्टैंड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया गया था। चोर नकदी तक नहीं पहुंच पाया था। उसने शाखा में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर और वायरिंग खुर्द–बुर्द कर दी थी। घटना के सातवें दिन रविवार शाम को पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिए चोरी का प्रयास करने वाले दीपक तक पहुंच गई। उसे गिरतार कर लिया गया। दीपक मुंबई में इंटीरियर डेकोरेटर का काम करता था लेकिन कारोबार में नुकसान होने पर साठ लाख के कर्ज में डूब गया। उसने गांव आकर नुकसान की भरपाई के लिए बैंक शाखा में चोरी करने की योजना बनाई थी। सीओ चांदपुर देश दीपक ने बताया कि घटना की रिपोर्ट शाखा प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दर्ज कराई थी। गिरतार किए गए आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल, प्लास आदि सामान बरामद किया गया है।

# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विशेष प्रंगाढ निर्वाचन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और समावेशी बनाना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वह अपने–अपने क्षेत्र में फार्म–6 के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि डाटा कलेक्शन की प्रक्रिया को त्रुटि रहित बनाने के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को अनिवार्य रूप से लगाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की संभावना न रहे। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 तक जो नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने हेतु चिन्हित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि अब सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं आधिकारिक फील्ड विजिट कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। अंत में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली खूबसूरती इसी में है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और वह अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहे। इसमें सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सहायक निर्वाचन अधिकारी अनुराधा सिंह, तथा बहुजन समाज पार्टी के यादवेंद्र सिंह, अमित गर्ग एडवोकेट जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, शैलेंद्र शुक्ला जिला महासचिव कांग्रेस, शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉक्टर विजय आर्य समाजवादी पार्टी, नवल किशोर एडवोकेट महामंत्री सीपीआईएम, राम नरेश कटारा बीजेपी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया सुरक्षित इंटरनेट दिवस

## - बच्चों व युवाओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन गोपनीयता के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस, स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग करने के संबंध में एक वर्कशॉप का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। वर्कशॉप के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, विशेषकर बच्चों और युवाओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन गोपनीयता और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष की थीम है ऑनलाइन घोटालों से स्वयं और दूसरों की रक्षा करना। उन्होंने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से हम इंटरनेट के जंजाल में आए बढ़ते जा रहे हैं। आवश्यकता के अलावा भी हम सब अनावश्यक उलझते जा रहे हैं, फेसबुक, व्हाट्सएप, नेट बैंकिंग सहित अन्य माध्यमों में आए दिन फ्रॉड हो रहे हैं। इस वर्कशाप के माध्यम से लोगों में जागरूकता पैदा करना तथा किसी बड़े घटना का शिकार कोई न हो, उन्होंने अभिभावकों से अपील भी किया कि अपने बच्चों को मोबाइल आवश्यकता के अनुसार ही उपलब्ध कराएं। इसके तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की घटना यदि संज्ञान में आती है तो दोषी को दो वर्ष की कठोर सजा एवं 1 लाख का जुर्माना दंड के रूप में दिया जाएगा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष मौर्या ने बताया कि इंटरनेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को जागरूक करने के लिए इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बढ़ते ऑनलाइन मुद्दों और वर्तमान चिताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना। इस वर्ष इंटरनेट दिवस का थीम स्मार्ट तकनीकी सुरक्षित विकल्प एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज के तहत मनाया गया। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए कुछ टिप्स भी बताएं कि मजबूत पासवर्ड बनाएं और टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अनजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध ईमेल या संदेशों से सावधान रहें। पब्लिक वाई–फाई का उपयोग करते समय वीपीएन का उपयोग करें। अपने डिवाइस में एंटीवायरस और फायरवॉल ऑन रखें। वर्कशॉप के दौरान कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास के दोषी को 10 साल की सजा

## - न्यायाधीश भूलेराम ने सुनाया फैसला

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद की अपर सत्र न्यायालय (एफटीसी न्यू) ने करीब 21 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायाधीश भूलेराम ने अभियुक्त अच्छेलाल को हत्या के प्रयास (धारा 307) और घर में घुसकर मारपीट करने (धारा 452) का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर कुल 20,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सरकारी वकील ने मजबूती से रखा पक्ष सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) संदीप मिश्रा ने प्रभावी पैरवी की। श्री मिश्रा ने तर्क दिया कि अभियुक्त ने वादिनी श्रीमती विर्मा देवी के घर में घुसकर सो रहे गया प्रसाद और उनकी पत्नी के साथ न सिर्फ हाथापाई की, बल्कि जान से मारने की नीयत से फायर भी किया, जिससे गया प्रसाद लहुलुहान हो गए थे। उन्होंने न्यायालय से अपराधी को कठोरतम दंड देने की याचना की। गवाहों की गवाही का सारांश मामले में अभियोजन पक्ष ने कुल 5 साक्षी पेश किए पीडब्ल्यू गया प्रसाद (मजरूब) मुख्य गवाह और घायल गया प्रसाद ने अदालत में स्पष्ट किया कि घटना की रात अच्छेलाल और उसके साथी ने उन्हें पलंग से खींचकर आंगन में निकाला और अच्छेलाल ने उन पर तमंचे से गोली चला दी, जो उनके पेट और पीठ के आर–पार हो गई थी। डॉ. रामनाथ चिकित्सक ने गवाही दी कि गया प्रसाद के शरीर पर आग्नेयास्त्र के जख्म पाए गए थे, जो जानलेवा हो सकते थे। हालांकि वादिनी विर्मा देवी और बहू राममूर्ति ने लंबे समय बाद न्यायालय में गवाही के दौरान अभियुक्तों को पहचानने से इनकार कर दिया और पक्षद्रोहीघोषित हुईं, लेकिन अदालत ने मजरूब गया प्रसाद की विश्वसनीय गवाही और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अच्छेलाल को दोषी करार दिया। न्यायाधीश भूलेराम ने अपने आदेश में यह भी व्यवस्था दी है कि अभियुक्त द्वारा जमा किए गए जुर्माने की कुल राशि में से 75 प्रतिशत हिस्सा पीड़ित गया प्रसाद को मुआवजे के रूप में प्रदान किया जाएगा। मामले के दूसरे अभियुक्त रामकिशुन की विचारण के दौरान मृत्यु हो चुकी है।

# पैलानी पुलिस ने भैंस चोर पकड़ा, वाहन बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित




अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना पैलानी पुलिस द्वारा भैस चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि पैलानी क्षेत्र के रहने वाले छन्नूराम द्वारा बताया गया कि 06/07 फरवरी को देर रात्रि भैस चोरी कर ली गई थी। सूचना पर थाना पैलानी में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व पकड़ने के प्रयास किये जा रहे थे। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध लोग ग्राम कानाखेड़ा पेट्रोल पम्प के पास चोरी करने के फिराक में खड़े है पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि अपने साथी आरिफ पुत्र मोनिश शाह निवासी ग्राम सादी मदनपुर थाना चिल्ला के साथ थाना चिल्ला व थाना जसपुरा में भी भैस चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजी.त है। अन्य अभियुक्त को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे है। पकड़े गए अभियुक्त आफाक पुत्र शमसाद निवासी सादीमदनपुर थाना चिल्ला के विरुद्ध मु0अ0सं0 40/26 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(4) बीएनएस थाना पैलानी में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार कां0 साहिल चौधरी कां0 देवेन्द्र सिंह यादव शामिल रहे।

# एसआईआर में नोटिस की सुनवाई का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## – मतदाताओं की सुविधा हेतु छाया, पेयजल व बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र मधुबन के विकासखंड दोहरीघाट में एईआरओ द्वारा नोटिस प्राप्त मतदाताओं की सुनवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। विकास खंड दोहरीघाट परिसर में एईआरओ मनोज यादव, कुलदीप गुप्ता एवं विकास शुक्ला द्वारा नोटिस प्राप्त मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है। इन तीनों एईआरओ द्वारा विधानसभा क्षेत्र मधुबन के बूथ संख्या 91 से 160 तक के मतदाताओं को भेजे गए नोटिस पर सुनवाई का कार्य निर्धारित तिथियो के अनुसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान एईआरओ से सुनवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा नोटिस प्राप्त मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे साक्ष्यों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर आने वाले मतदाताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुनवाई के लिए आने वाले मतदाताओं हेतु उचित छाया, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्धारित तिथियों में आ रहे समस्त मतदाताओं का सुनवाई कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप ही प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# एआईएमआईएम के सदर विधानसभा अध्यक्ष बने मुजीबुर रहमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को जिला कार्यालय एआईएमआईएम में पार्टी का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता को बढ़ाना रहा। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा सदर विधानसभा लखीमपुर से मुजीबुर रहमान खान को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं विधानसभा मोहम्मदी से डॉ. सैयद सरताज हुसैन को कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही संगठन के युवा मोर्चे को सशक्त करने के लिए मेराज खान को यूथ जिला सचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल जोन के प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान सिद्दीकी उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम, यूथ जिलाध्यक्ष आसिफ अहमद उर्फ आशु, जिला महासचिव मोहम्मद हनीफ सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष मुजीबुर रहमान खान ने अपने संबोधन में कहा कि मजलिस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि दबे–पिछड़े, मजलूमों, दलितों और मुसलमानों के हक की लड़ाई लड़ने वाला एक मजबूत मंच है। यह पार्टी उन लोगों की आवाज है जिन्हें वर्षों से हाशिये पर रखा गया। मजलिस ने हमेशा आवास, शिक्षा, रोजगार और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के लिए संघर्ष किया है और आगे भी पूरी ताकत के साथ इस लड़ाई को जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा लखीमपुर सदर विधानसभा में पार्टी को और मजबूत करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने नव–नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन जनहित के मुद्दों को मजबूती से



उठाएगा। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ किया गया।

# गत वर्ष सर्वाधिक सड़क दुर्घटना, बसों से सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

## - प्रशिक्षित चालक न रखने पर कमर्शियल वाहन मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएम

## - डीएम-एसपी ने जनपद वासियों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया है कि अवैध गतिविधियों में शामिल ट्रक, डंपर एवं ट्रेलर के कारण कुल 23 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी जो पिछले वर्ष सर्वाधिक थी। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण प्रशिक्षित चालक का ना होना, तेज गति से वाहन चलाना, साथ ही नशे की हालत में चालक द्वारा इन भारी वाहनों का संचालन करना शामिल रहा। पिछले कई सुरक्षा सड़क सुरक्षा बैठकों में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को कामर्शियल वाहनों के लिए प्रशिक्षित ड्राइवर सहित ड्राइविंग के दौरान यातायात के अनुपालन के नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने ट्रक, डंपर या ट्रेलर वाहनों के मालिकों को अप्रशिक्षित एवं गैर जिम्मेदार चालकों को रखने पर वाहन मालिकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दो पहिया वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त होने की संख्या गत वर्ष 15 रही। ट्रक, डंपर एवं ट्रेलर की तरह ही दो पहिया वाहन चालकों द्वारा दुर्घटनाग्रस्त होने का प्रमुख कारण तेज गति से वाहन चलाना रहा। इसके अलावा मृत्यु के कारणों में दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना भी प्रमुख कारण रहा। अगर दोपहिया चालक हेलमेट का प्रयोग करते तो उनकी मृत्यु नहीं होती। ऐसे में जिलाधिकारी ने समस्त दो पहिया वाहन चालकों से नियमित रूप से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की है। वाहन चलाते समय हेलमेट का भी प्रयोग करने को कहा है। सड़क सुरक्षा की बैठकों में एआरएम को निर्देशित किया गया था कि रोडवेज की बसें निर्धारित स्थलों पर ही खड़ी हो, साथ यातायात के नियमों का कड़ाई से अनुपालन हो,जिसके कारण पिछले वर्ष रोडवेज बसों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। पिछले वर्ष रोडवेज की बसों द्वारा दो पहिया वाहनों के 7 तथा ऑटो रिक्शा के साथ 3 दुर्घटना हुई थी। इसी प्रकार जीप, वैन, टेंपो अथवा टैक्सी से पिछले वर्ष कुल 19 सड़क दुर्घटना हुई थी। गत नवंबर माह से ही जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के विशेष प्रयास से रोड इंजीनियरिंग पर कार्य किया गया है जिसमें रंबल स्ट्रिप, ब्रेकर, साइनेज बोर्ड, सड़क के किनारे पेड़ों एवं झाड़ियां की साफ सफाई, यातायात संकेतको को लगाने सहित कई कार्य कराए गए। मुख्य मार्ग से मिलने वाले लिंक मार्गो पर ब्रेकर का निर्माण कराया गया। इसके अलावा परिवहन एवं यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यों में भी तेजी लाई जा रही है। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर कार्यकारी वर्ग विशेष कर 18 से 35 वर्ष के बीच के लोगों की मौत होने के कारण गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 60 प्रतिशत लोगों की मौत 18 से 35 बीच के आयु वर्ग की है, जो परिवार के लिए कमाने के साथ ही साथ परिवार चलाने वाले होते हैं। उनकी मृत्यु से परिवार को आर्थिक रूप से टूटने के साथ ही भावनात्मक रूप से भी अपूरणीय क्षति पहुंचती है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त जनपदवासियों से यातायात की नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब के नशे में गाड़ी न चलाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के जागरूक होने से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकेगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# सपा का जोरदार प्रदर्शन, भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा के इमामगंज चौराहे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में पुरुषों के साथ–साथ महिलाओं की भी बड़ी संख्या मौजूद रही, जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंगा नजर आया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद अन्नदाता किसान आज आंसू बहाने को मजबूर है। खाद, बीज और डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जबकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है और सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों की हालत बदहाल है, जबकि निजी स्कूलों की मनमानी फीस आम आदमी की कमर तोड़ रही है। अस्पतालों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही दवाइयां उपलब्ध हैं। कई जगहों पर एक्स–रे मशीनें और नाप–तौल की मशीनें खराब पड़ी हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि प्रदेश का युवा पढ़ा–लिखा होने के बावजूद बेरोजगार घूम रहा है। भर्ती परीक्षाएं या तो रद्द कर दी जाती हैं या उनमें अनियमितताएं सामने आती हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गैंगरेप और बलात्कार की घटनाएं आम होती जा रही हैं। जब आरोपी ताकतवर होते हैं तो कार्रवाई जानबूझकर धीमी कर दी जाती है, जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। इसके अलावा पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के बहाने वोट काटने की राजनीति की जा रही है, जिसे समाजवादी पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्ति भारत अभियान का एक सशक्त संदेश दिया गया है। अब बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक मजबूत आवाज उठा रहा है। जिला को बाल विवाह से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान ने पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इस अभियान की सफलता में संस्थान को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ आमजनों का भी अच्छा सहयोग रहा 100 दिन का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर चलाए जा रहे 30 दिवसीय बाल विवाह मुक्ति रथ निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संस्थान के सचिव और परियोजना निदेशक श्रवण कुमार और विनोद कुमार ने बताया कि हम सभी का उद्देश्य भारत को बाल विवाह मुक्त




राष्ट्र बनाना है। आगामी 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिले में बाल विवाह के खिलाफ विभिन शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मंदिरों और जन समुदायों के साथ एतिहासिक स्थलों पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है विनोद कुमार ने कहा कि समाज में अशिक्षा और अज्ञानता बाल विवाह को बढ़ावा देता है, इसलिए हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। बच्चों को पढ़ने लिखने का अवसर प्रदान कर उसे देश निर्माण में अपना योगदान देने को सशक्त और सार्थक बनाया जा सकता हैं। सभी नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों से अपील कि गई हैं की वे बाल विवाह के खिलाफ इस मुहिम में शामिल हों। सभी के सामूहिक प्रयास से ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग आयोजित किया जा रहा है इस अभियान में सभी को हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस को 112 नव, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 और महिला हेल्पलाइन 181 व लड़की 18 साल और लड़के की 21 साल के बाद शादी करने में सरकार सामूहिक विवाह में शादी करने को लेकर जागरूक किया गया। इस अभियान में विनोद कुमार, शिवम यादव, सूरजभान, संतोष कुमार वर्मा व अन्य लोग रहे।

# कांवड़ यात्रा शुरू, रूट डायवर्जन लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। जनपद में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले सभी हल्के व भारी वाहनों को वाया मुजफरनगर होकर जाना होगा। हादसा न हो, इसलिए मेरठ व मुजफरनगर से बिजनौर की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को मीरापुर में बाईपास पर रोका जा रहा है। यह वाहन रात में 12 से चार बजे के बीच रवाना किए जाएंगे। बिजनौर जनपद में कांवड़ यात्रा शुरु हुई है। प्रशासन ने हादसों पर रोक लगाने के मद्देनजर जिले में वाहनों के रूट डायवर्जन की व्यवस्था बनाई है। प्रशासन ने पहले यह व्यवस्था पांच फरवरी से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन यह आठ फरवरी से शुरू कर दी गई। बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों के वाहनों को तो भागूवाला व मंडावर मार्ग से निकाला जाएगा लेकिन अन्य सभी हल्के व भारी वाहन वाया मुजफरनगर होकर हरिद्वार जाएंगे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज कक्षा 11 के भैया बहनों ने कक्षा 12 के भैया बहनों को विदाई प्रदान की कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हमीरपुर युवराज सिंह द्वारा मां सरस्वती जी के समक्ष पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्या भारती कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा विद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह परिहार एवं सदस्य संजीव मासुरिहा विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता द्वारा भी दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन किया गया। इस विदाई समारोह में कक्षा 11 की बहन रिया काजल अंजली यादव आदि ने अपने संबोधन में कहा कि विदाई समारोह का आयोजन केवल एक परंपरा के अनुसार ही किया जाता है जबकि सभी छात्र–छात्राओं का भावनात्मक लगाव विद्यालय के साथ हमेशा बना रहता है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अजय कुमार अवस्थी द्वारा किया गया। संगीत संचालन में ज्ञानदीप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही एवं विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ प्रवक्ता से कंचन सिंह रहे। इस पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं प्रवक्ता गढ़ उपस्थित रहे है। अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा कोऑर्डिनेटर कुलदीप श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम में अपना पूरा समय प्रदान किया। पूर्व विधायक युवराज सिंह द्वारा भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रदान की गई इसके अतिरिक्त विद्या भारती के प्रदेश शिक्षक के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह परिहार द्वारा भी सभी छात्र–छात्राओं को नवीन संस्थान में जाने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रदान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में सभी छात्र–छात्राओं को स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 11 की भैया बहनों ने कक्षा 12 के भैया बहनों को उचित भेंट प्रदान करते हुए अश्रुपूरित विदाई प्रदान की अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी भैया बहनों तथा आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्हें अनुशासन बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान कार्यक्रम का सीएमओ ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल नरैनी रोड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी, डा० विजेन्द्र सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति में बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी की टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में केएसीनाईटी ग्रुप के संस्थापक चेयमैन अरुण कुमार निगम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के सदस्य डॉ. अर्चना भारती, डॉ. एसपी सिंह, एमडी शरीफ, और जियाउद्दीन की उपस्थिति रही। डा० विजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में भी एनडीडी कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, जिसमें बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी की टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम में सीमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य एवं अन्य विद्यालय स्टॉफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। नगरीय राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के सदस्य डॉ० साहब हुसैन, एमओ और मनीष मिश्रा, फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टॉफ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार, एसीएमओ डा० आरएन प्रसाद, डीआईओ डा० विजय शंकर केशरवारी, डीपीएम कुशल यादव, डीईआईसी मैनेजर आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों को .मि संक्रमण के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई, जैसे एनीमिया, कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र, और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव। साथ ही, डिवर्मिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया कि यह बच्चों को स्वस्थ रखने, उनकी लर्निंग कैपेसिटी, स्कूल में उपस्थिति, और एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद करता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बच्चों को स्वस्थ खान–पान अपनाने की सलाह दी. जिसमे भोजन से पूर्व तथा शौंच के उपरान्त साबुन से हाथ धोने की जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, फल, और पोषण युक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें। राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम जनपद के 07 ब्लॉकों (फाइलेरिया कार्यक्रम के कारण ब्लॉक नरैनी को छोडकर) पर आयोजित कराया जा रहा है। जिसमे 01–19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 एमजी की टैबलेट खिलाई जा रही है, जिस हेतु जनपद को कुल 7.38.200 बच्चों का लक्ष्य दिया गया है।

# मित्रता में गरीबी व अमीरी नहीं देखनी चाहिए : आचार्य शिवम मिश्र

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। महोखर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित शिवम जी महाराज ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान .ष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्री.ष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच–बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे। कथा वाचक शिवम जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे,जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। श्रीमद् भागवत पुराण मूल पाठ पूजा अर्चन पंडित सत्येंद्र तिवारी द्वारा संपन्न हुआ। संगीत मंच पर करन सिंगर एवं आर्गन प्लेयर, तबला वादक अमित मिश्रा, .ष्णा शुक्ला पैड प्लेयर आदि कलाकारों ने भजनों के माध्यम से संपूर्ण पांडाल को भक्तिमय कर दिया। कथा के मुख्य यजमान पन्नू देवी हरिशरन यादव, संतोष यादव रमेश यादव, ने परिवार रिश्तेदारों एवं इष्टमित्रों सहित कथा श्रवण किया।

# कृषि व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को मिला सम्मान

## – प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वितीय पुरस्कार

## – राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने ट्रॉफी व प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की राजधानी में आयोजित हुई चार दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के अवसर पर .षि विश्वविद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। शुक्रवार 06 फरवरी को जनभवन, लखनऊ में प्रादेशिक प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित स्टॉल में विश्वविद्यालय के उद्यानिक नवाचारों, मॉडलों एवं प्रायोगिक शिक्षण के उत्पादों को सजीव एवं मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी के मध्य भाग में उद्यान महाविद्यालय के पुष्प विभाग द्वारा बनाए गए। ऐतिहासिक शंख एवं चक्र की पुष्प प्रति.ति सभी आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। स्टॉल के भ्रमण के अवसर पर राज्यपाल ने स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों, नवाचारों और उद्यमिता की भी सराहना की तथा छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में प्रायोगिक शिक्षण के माध्यम से बाजार मांग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के स्टॉल का भ्रमण, प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री, दिनेश प्रताप सिंह, विभिन्न निदेशक, प्रबुद्ध जनों एवं छात्रों ने किया और टीम से बात कर जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के अंतिम दिन सोमवार को राज्यपाल द्वारा .षि विश्वविद्यालय को सक्रिय प्रतिभागिता, उत्.ष्ट प्रदर्शन एवं नवोन्मेष के लिए शैक्षिक संस्थाओं की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसवीएस राजू ने उद्यान महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्र छात्राओं को शुभकामना प्रदान करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के समग्र विकास में उद्यान की महत्वपूर्ण भूमिका




है एवं विश्विद्यालय सब्जी, पुष्प एवं फलों की नवीन प्रजातियों के प्रसार के लिए सतत प्रयासरत है। उद्यान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसवी द्विवेदी ने जानकारी दी कि महाविद्यालय अपने छात्रों में उद्यमिता विकास के लिए .तसंकल्पित है। महाविद्यालय के कई पूरा छात्र आज उद्यमिता में अपनी पहचान बना रहे है। अधिष्ठाता डॉ द्विवेदी ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग की टीम के सभी सदस्यों तथा छात्र छात्राओं को उनके सफलता के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आनंद सिंह, डॉ श्वेता सोनी, डॉ बालाजी विक्रम डॉ अमित कन्नौजीया और राम कुमार ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। छात्र मोहित, गौरव, उपासना, आर्या और पुष्पेन्द्र ने प्रदर्शनी में सहयोग किया।

# अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रशासन सख्त

## – 15 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिजों के अवैध परिवहन और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध 01 फरवरी से 15 फरवरी तक एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहन जिन पर पूर्व में किए गए चालान की धनराशि बकाया है, उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। नंबर प्लेट से छेड़छाड़ स्पष्ट रूप से न दिखने वाली या दोषपूर्ण नंबर प्लेट लगाकर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ केस दर्ज किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा व दुर्घटना नियंत्रण ओवरलोडिंग के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और अवैध खनन की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए यह अभियान प्राथमिकता पर है। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन सघन चेकिंग अभियान चलाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और परिवहन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी वाहन या व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य केवल राजस्व की हानि को रोकना नहीं है, बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखना भी है।

# एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। स्मंके (स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा नेतृत्व) परियोजना के अंतर्गत किशोरियों के लिए पोस्ट–एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में एनीमिया की वर्तमान स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करना, उपचार अथवा परामर्श की आवश्यकता वाली किशोरियों की पहचान करना तथा उनके स्वास्थ्य स्तर में




हुए सुधार का आकलन करना था। कार्यक्रम के दौरान हीमोग्लोबिन जांच, शारीरिक माप (वजन एवं ऊँचाई), व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड निर्माण, स्वास्थ्य परामर्श एवं पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम एवं समग्र स्वास्थ्य संवर्धन को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं के पंजीकरण से हुई, जिसके उपरांत स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी उपस्थित किशोरियों का वजन एवं ऊँचाई मापी गई तथा प्रत्येक छात्रा का व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार किया गया। इसके पश्चात सभी स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पुनः हीमोग्लोबिन जांच (एनीमिया टेस्ट) की गई। जांच परिणामों में यह पाया गया कि अधिकांश किशोरियों का हीमोग्लोबिन स्तर पूर्व की तुलना में बेहतर एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप था। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत डॉ. आबिद अहमद द्वारा किशोरियों के लिए एक विस्तृत काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एनीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में सरल एवं प्रभावी जानकारी दी गई। साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार के नियमित सेवन पर विशेष जोर दिया गया। सरकार द्वारा उपलब्ध आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स का वितरण करते हुए उनके नियमित सेवन एवं लाभों की जानकारी भी साझा की गई। इसके अतिरिक्त, सभी उपस्थित किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया तथा आरोह फाउंडेशन की सदस्य महिमा द्वारा माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। आज आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सभी किशोरियों की स्क्रीनिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सभी परीक्षण पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित एवं मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप किए गए। विद्यालय प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल के लिए आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन एवं आरोह फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कामेश्वर सिंह, समस्त शिक्षकगण व आरोह फाउंडेशन की पूरी टीम उपस्थित रही।

# सरहद पर सफेद जहर का कहर : खाकी की चुप्पी या मिलीभगत?

## - रुपईडीहा बना नशे का नया हब

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा अब केवल व्यापारिक केंद्र नहीं, बल्कि नशे के सौदागरों की सुरक्षित शरणस्थली बन चुका है। स्मैक और प्रतिबंधित दवाओं का नेटवर्क इतनी गहराई तक फैल चुका है कि यहाँ की आबोहवा में अब व्यापार नहीं, बल्कि मौत का सामान तैर रहा है। हैरानी की बात यह है कि दर्जनों चेकपोस्ट और सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी के दावों के बीच, नशे की खेप सरहद के पार कैसे पहुँच रही है? स्थानीय हलकों में चर्चा है कि रुपईडीहा थाने की मलाईदार पोस्टिंग के पीछे यही अवैध कारोबार है। जब भी कोई बड़ा अधिकारी निरीक्षण के लिए निकलता है, तो संदिग्ध ठिकानों के शटर पहले ही गिर जाते हैं। यह महज इत्तेफाक है या पुलिस महकमे के भीतर बैठे विभीषणों का सूचना तंत्र? गाहे–बगाहे होने वाली गिरतारियां केवल कागजी खानापूर्ति और आंकड़ों का खेल बनकर रह गई हैं। बड़ी मछलियां आज भी जाल से बाहर हैं, जबकि केवल मोहरों को जेल भेजकर वाहवाही लूटी जा रही है।

**इनसेट–**

### मेडिकल स्टोर या नशे के अड्डे

कस्बे के गली–कूचों में खुले वैध–अवैध मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित कफ सिरप, नशे के इंजेक्शन और गोलियां टॉफी–बिस्कुट की तरह बिक रही हैं। सूत्र बताते हैं कि यहाँ स्मैक की खरीद–फरोख्त का एक संगठित सिंडिकेट काम कर रहा है। सीमा पार (नेपाल) जाते ही इन नशीले पदार्थों की कीमत दस गुना तक बढ़ जाती है। इसी चंद रुपयों के लालच में क्षेत्र का युवा वर्ग न केवल नशे का आदी हो रहा है, बल्कि करियर की उम्र में जेल की सलाखों के पीछे पहुँच रहा है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त चौकसी के बावजूद स्मैक की खेप सीमा पार कैसे हो रही है? क्या उच्च अधिकारियों को उन शचिह्नितश मेडिकल स्टोरों की जानकारी नहीं है, जो बिना प्रिस्क्रिप्शन के प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे हैं? क्या रुपईडीहा थाने की जवाबदेही तय करने के लिए किसी गुप्त विजिलेंस जांच की आवश्यकता नहीं है?

**इनसेट–**

### जनता की आवाज

जब रक्षक ही मौन साध ले, तो भक्षक बेखौफ होंगे ही। अगर समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो सरहद का यह इलाका अपराध की ऐसी गर्त में गिरेगा जहाँ से वापसी नामुमकिन होगी।

# फल-सब्जी से लदे ट्रक रोके, चालकों ने किया विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। जलीलपुर क्षेत्र के थाना चांदपुर की पुलिस चौकी पांडवनगर के निकट मेरठ की ओर आने वाले ट्रकों को रोक दिया गया। खासकर पंजाब के अमृतसर से सब्जियां लेकर उत्तराखंड के जसपुर, काशीपुर और रुद्रपुर जा रहे ट्रक चालक सबसे अधिक परेशान हैं। उनका कहना है कि सब्जियों के खराब हो जाने पर उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि व्यापारी ऐसे में पूरा भुगतान नहीं करते हैं। पांडवनगर पुलिस चौकी के पास हस्तिनापुर और मेरठ की ओर से आने वाले ट्रकों की लंबी कतारें देखी गईं। इन कतारों में खाली और भरे हुए ट्रक शामिल थे, लेकिन सब्जियों से लदे ट्रकों के चालकों की चिंताएं सबसे अधिक थीं। ट्रक चालकों अर्शपाल सिंह, लखवीर सिंह, बलविंद्र सिंह, अदनान, इकबाल, मनजीत सिंह, रिशीपाल सिंह आदि ने बताया कि सब्जियां खराब होने की स्थिति में व्यापारियों से पूरा पैसा मिलना मुश्किल हो जाता है। जो भी पैसा मिलता है, उसमें से भी कुछ राशि की भरपाई ट्रक चालकों को अपने वेतन से करनी पड़ती है।

# रेलवे स्टेशन पर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जीआरपी थाना पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं साइबर अपराध से बचाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्हें विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। उन्हें यह भी प्रेरित किया गया कि वे यह जानकारी अपने परिवार, मित्रों और आसपास की अन्य महिलाओं तक अवश्य पहुंचाएं। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रमुख रहीं। छात्राओं और युवतियों को विशेष रूप से शिक्षा को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने



भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। जीआरपी पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटी अग्निवीर तृप्ति शाक्य



न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अपने गांव अधियापुर लौटीं तृप्ति शाक्य का युवा शाक्य संगठन द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक शाक्य की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में तृप्ति शाक्य को सम्मानित कर उनके संघर्ष और सफलता की सराहना की गई। इस अवसर पर तृप्ति शाक्य ने गांव और क्षेत्र की बेटियों से कहा कि ईमानदारी, मेहनत और लगन के साथ शिक्षा पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि स्वर्गीय मां के साए के बिना भी पिता राजकुमार शाक्य, भाई और भाभी के सहयोग व विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान युवा शाक्य संगठन की ओर से तृप्ति शाक्य को सम्मानित करते हुए शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले का चित्र भेंट किया गया वहीं उनके पिता राजकुमार शाक्य को सम्मान स्वरूप बुद्ध की प्रतिमा भेंट की गई। समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने तृप्ति शाक्य को सम्मानित करते हुए कहा कि तृप्ति जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गौरव और बेटियों के लिए आत्मबल का स्रोत है। इस अवसर पर युवा शाक्य संगठन से जुड़े हरेंद्र शाक्य, बलवीर शाक्य, .ष्णकांत शाक्य, चंदन शाक्य, आशीष मौर्य, हृदेश शाक्य, अमित शाक्य, अनूप शाक्य, अवनीश शाक्य, शिवम शाक्य सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटर के विद्यार्थियों को दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

रोहनिया। ब्लॉक क्षेत्र के उमरन स्थित स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज में मंगलवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं, जिसके .ष्टिगत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अभिलाष चंद्र कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए छात्रों से परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने कहा कि विदाई समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक भावुक क्षण होता है, क्योंकि सभी छात्र लंबे समय तक साथ पढ़ाई करते हैं और आगे की शिक्षा हेतु नए संस्थानों में प्रवेश लेते हैं। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्तिक कार्यक्रम, एकांकी नाटक एवं नृत्य प्रस्तुति प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। समारोह में उपस्थित खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि रणजीत प्रताप सिंह, प्रबंधक राम नारायण सिंह प्रधानाचार्य कुसुम मौर्य रमेश सिंह प्रवीण कुमार सिंह मनोज सिंह अनुपम सिंह आदि लोग विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# पिंजरे में फंसी पांच साल की मादा गुलदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। क्षेत्र के गांव बुडगरी में पिछले चार–पांच दिनों से ग्रामीणों में दहशत का कारण बना गुलदार रविवार रात पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग की टीम ने गांव में गोशाला के पास विनीत के खेत मे पिंजरा लगाया था। उसमें एक बकरी बांधी गई थी। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे गुलदार बकरी को अपना शिकार बनाने के लिए पिंजरे में घुसा और दरवाजा बंद होते ही वह पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

## सूबेदारगंज - शकूर बस्ती होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या 02275/02276 एवं 02421/02422 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 02275 एवं 02421 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती | | | गाड़ी सं. 02276 एवं 02422 शकूर बस्ती-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | -- |
| 22:45 | 22:47 | फतेहपुर | 23:40 | 23:42 |
| 00:15 | 00:20 | गोविन्दपुरी | 22:00 | 22:05 |
| 02:00 | 02:02 | इटावा | 18:50 | 18:52 |
| 03:33 | 03:35 | टूण्डला | 17:30 | 17:32 |
| 04:45 | 04:47 | अलीगढ़ | 16:05 | 16:07 |
| 08:05 | 08:07 | गाजियाबाद जं. | 14:33 | 14:35 |
| 09:00 | 09:15 | दिल्ली | 13:30 | 13:45 |
| 10:15 | -- | शकूर बस्ती | -- | 13:00 |

(1) **सूबेदारगंज से** गाड़ी संख्या 02275 प्रत्येक मंगलवार **दिनांकः** 03.03.2026 से 31.03.2026 ●**शकूर बस्ती से** गाड़ी संख्या 02276 प्रत्येक बुधवार, **दिनांकः** 04.03.2026 से 01.04.2026

(2) **सूबेदारगंज से** गाड़ी संख्या 02421 प्रत्येक रविवार **दिनांकः** 01.03.2026 से 29.03.2026 ●**शकूर बस्ती से** गाड़ी संख्या 02422 प्रत्येक सोमवार, **दिनांकः** 02.03.2026 से 30.03.2026

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01,

**नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

**उत्तर मध्य रेलवे**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 310/26(MG)

# ऑल इंडिया उलेमा व मसाईख बोर्ड कराएगा गरीब लड़कियों की शादी

## - सामूहिक शादी के फर्श्म भरने की आखिरी तारीख 20 फरवरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र जसवन्तनगर सराय भूपत कटेखेड़ा में इंसानी भाईचारा प्रेम सदभाव समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई के निज निवास पर ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के नेतृत्व में होने वाली सामूहिक गरीब लड़कियों का शादी सम्मेलन 2026 के फॉर्म जमा होने का सिलसिला जारी है। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम ने संयुक्त रूप से कहा कि जो बहन बेटी गरीब परेशान बेसहारा है और उनके मां बाप या परिवार के सदस्य बेटी की शादी करने में असमर्थ है। उन बहन बेटी की शादी के फॉर्म जमा करने का सिलसिला जारी है। जिस किसी गरीब भाई की बहन या बेटी की शादी होनी है और वह ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के शादी सम्मेलन में कराना चाहता है तो वह ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट को अपने फार्म जमा कर दे जिससे उन सभी बहन बेटी की शादी सम्मेलन समारोह में हो सके। उन्होंने कहा कि फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 20 फरवरी है। शादी ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट की तरफ से करना चाहते वह अपना फार्म जल्द से जल्द जमा कर दे। फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 20 फरवरी है। उसके बाद फिर कोई फार्म जमा नहीं होगा। इस मौके पर उपस्थित रहे ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, मोहम्मद आमीन, नगर अध्यक्ष मोहम्मद कैफ, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम, खांजांची रजी, जावेद मास्टर, महासचिव चांद फर्नीचर वाले, उपाध्यक्ष अजहर फरीदी, तहसीन भाई सलाहकार, अकरम भाई अंडे वाले आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कानपुर मंडल प्रभारी अभिषेक आजाद, जिला प्रभारी लक्की जाटव, इश्तियाक अली, मुराद अली, मोहम्मद नाजिम, सद्दाम एलआईसी वाले, मुमताज अहमद, समीर राईन आदि टीम मेंबर शामिल रहे।



# पति की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पति की हत्या करने वाली पत्नी एवं उसके प्रेमी को पुलिस द्वारा गिरतार किया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस द्वारा की गई। घटना का संक्षिप्त विवरण यह है कि 09 फरवरी को प्रदीप कुमार पुत्र लाखन सिंह निवासी पडियापुरा थाना भरथना द्वारा थाना भरथना पर तहरीर दी गई कि उसके भाई की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है, सूचना के आधार पर थाना भरथना पर मु0अ0सं0 30/2026 धारा 103(1), 61(2), 351(3) बीएनएस पंजी.त किया गया। गिरतारी का संक्षिप्त विवरण यह है कि जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरतारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में 10 फरवरी को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्र में पक्काताल तिराहे पर भ्रमणशील थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पडियापुर में हत्या करने वाले अभियुक्त भागने की फिराक में भरथना की ओर आ रहे हैं, सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना भरथना पुलिस द्वारा घटना से संबंधित 02 अभियुक्तों को अनैया नदी पुल के पास से गिरतार किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 02 मोबाइल, 01 पर्स, 01 एटीएम कार्ड, 01 रक्तरंजित शर्ट बरामद की गई, बरामद शर्ट के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं, हमारे मिलने पर मेरे पति रनवीर सिंह ऐतराज करते थे, इसलिए हमने मिलकर 08/09 फरवरी की रात्रि को रनवीर सिंह की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया, गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना भरथना पर मु0अ0सं0 30/2026 धारा 103(1), 61(2), 351(3) बीएनएस में कार्रवाई की जा रही है। गिरतार अभियुक्तों में अर्पित कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम पडियापुरा थाना भरथना तथा एक अभियुक्ता, मृतक की पत्नी शामिल है। पुलिस टीम में निरीक्षक विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना, निरीक्षक अपराध अरिमर्दन सिंह, हेड कांस्टेबल आशुतोष नवीन, महिला कांस्टेबल रजनी सिंह, चालक कांस्टेबल सोभाराम शामिल रहे। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।




# आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में मिला प्रथम

## - बीस थानों ने शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कर रचा कीर्तिमान

## - एसएसपी के निर्देशन में जनसुनवाई व्यवस्था बनी प्रदेश की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) की माह जनवरी 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग का परिणाम मानी जा रही है। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से संचालित आईजीआरएस प्रणाली की मासिक समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। इसी क्रम में जनवरी माह के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश स्तर पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें जनपद का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि जनपद के 21 थानों में से 20 थानों भरथना, कोतवाली, सहसों, ऊसराहार, जसवन्तनगर, बढ़पुरा, सैफई, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, महिला थाना, फ्रेंड्स कॉलोनी, वैदपुरा, चौबिया एवं चकरनगर द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस उत्.ष्ट कार्यप्रणाली के चलते जनपद ने प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुलिस विभाग की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट है कि पुलिस जनसमस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं प्रतिबद्ध है। त्वरित कार्रवाई, पारदर्शी प्रक्रिया तथा नियमित समीक्षा प्रणाली के कारण आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान संभव हो सका। जनपद की इस उपलब्धि को शासन स्तर पर भी सराहा जा रहा है तथा इसे अन्य जनपदों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा जा रहा है।



एसएसपी इटावा

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को मिली सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत एक अभियोग में न्यायालय से सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई प्रभावी मॉनिटरिंग का परिणाम है। जानकारी के अनुसार थाना बलरई पर पंजी.त मु0अ0सं0 65/2022 धारा 279, 338, 427 भादवि से संबंधित प्रकरण में न्यायालय एसीजे (जेडी)–1 द्वारा सुनवाई पूर्ण करते हुए अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संजू पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी बाउथ थाना बलरई को दोषी पाया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा तथा 2500 के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था सु.ढ़ हो रही है और अपराधियों में दहशत का माहौल बना है।




# आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भर्ती आवेदन की बढ़ी अंतिम तिथि

## - सहायिका भर्ती के आवेदन तिथि न बढ़ने से सीएम पोर्टल में शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर हो रही भर्ती के आवेदन की निर्धारित तिथि में सर्वर गड़बड़ होने के कारण लोगों के आवेदन रह गए थे जिसकी शिकायत व मांग के बाद शासन ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है परंतु सहायिका पद के आवेदन की अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई है जिससे सहायिका आवेदकों में नाराजगी व्यक्त है। लोगों ने सहायिका आवेदकों पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कर बताया आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के महज 25 पद जनपद में खाली है जिसके आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है जबकि सहायिका के कुल 598 पद हैं। बावजूद आवेदन की तिथि नहीं बढ़ाई गई हैं। जबकि कई लोग सर्वर की खराबी के चलते सहायिका पद हेतु आवेदन करने से वंचित रह गए थे।

# पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत

## - दुखद घटना से परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज कस्बे में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। स्थानीय निवासी शिवम के ढाई वर्षीय मासूम पुत्र आयुष्मान की खेलते–खेलते पानी से भरी बाल्टी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार की देर रात करीब दस बजे यह घटना घटी। बच्चा घर में निर्दोष तरीके से खेल रहा था। तभी वह अनजाने में पानी भरी बाल्टी में सिर के बल गिर गया। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्यों की नजर पड़ी, तो बच्चे को तुरंत बाल्टी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी हालत बहुत गंभीर हो चुकी थी। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से बच्चे को बिंदकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे जांचने के बाद मृत घोषित कर दिया। इस दुखद खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मां–बाप और अन्य परिजन रोते–बिलखते रहे। उनका दर्द किसी भी शब्द में बयां नहीं किया जा सकता। यह घटना एक बार फिर छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी देती है। घरों में पानी भरी बाल्टियां, टब या अन्य खुले पानी के स्रोत बच्चों की पहुंच से दूर रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि कुछ पलों की लापरवाही जिंदगी भर का दुख दे सकती है।



# कंपोजिट विद्यालय में पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाने से 15 बच्चे बीमार

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। मैनपुरी के गांव कीरतपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय में पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाने से 15 से अधिक बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई इस घटना से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया। राष्ट्रीय .मि मुक्ति अभियान के तहत स्कूल के बच्चों को कीड़े मारने की दवा दी गई थी जिसे खाने के कुछ समय बाद ही बच्चों के पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी बच्चों की हालत बिगड़ते देख उन्हें आनन फानन में एंबुलेंस और निजी बहनों से मैनपुरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों की मौजूदगी में स्थिति को गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल मे मौजूद रहीं और बच्चों के उपचार कर रही हैं। डॉक्टर का कहना है कि एक या दो बच्चों की पेट में दर्द हुआ है जिन बच्चों ने खाना नहीं खाया था और बाकी तो एक दूसरे को देखकर घबरा गए थे सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अंजनी कुमार मौके पर जिला चिकित्सालय में पहुंचे और बच्चों से बातचीत की और बताया कि सभी बच्चों की तबीयत सही है डॉक्टरों की टीम उपचार कर रही है कोई भी बच्चा सीरियस नहीं है किसी भी बच्चे को रेफर नहीं किया गया है हालांकि सभी बच्चे नॉर्मल है। बच्चों के माता–पिता भी यह घटना देखकर घबरा गए थे। वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। जांच के दिए आदेश जो भी दोस्ती पाया जाएगा उसे पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 46 वां स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया




न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नगर की एक संस्थान में 46 वां स्थापना दिवस वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग एवं सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक व पत्रकार अरुण सिंह आचार्य व विशिष्ट अतिथि हरीश रस्तोगी गोलू भैया रहे। विद्यालय प्रबंधक द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा अभिनीत नाटक ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति को सभी उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सिंह आचार्य ने कहा जहां शिक्षा जरूरी है वहीं बालिका शिक्षा बहुत जरूरी है क्योंकि बालिका दो घरों की रोशनी होती है कार्यक्रम में बालिका शिक्षा के प्रति योगदान को भी याद कर सराहा गया विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सभासद अब्दुल शोएब राजू, देशप्रीत सिंह, तबस्सुम अंसारी, पूनम गुप्ता सहित भारी संख्या में अभिभावक व शिक्षक, शिक्षिका, छात्राएं उपस्थित रही।

# पंकज बने परशुराम सेवा समिति औरैया के जिलाध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परशुराम सेवा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष के के चतुर्वेदी की सहमति पर मोहल्ला सतेश्वर औरैया निवासी पंकज अवस्थी एडवोकेट को परशुराम सेवा समिति औरैया का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने श्री अवस्थी से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि वह 15 दिन के अंदर जिला कार्यकारिणी का गठन करके प्रदेश कार्यालय पर भेजे। अवस्थी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुई बधाई दी है।






# अवैध उगाही में लिप्त दो सिपाही निलंबित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली में तैनात दो सिपाहियों की अवैध उगाही की लगातार मिल रही षिकायतों को दृश्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी की कार्रवाई के बाद दिन भर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। साथ ही महकमे में खलबली मची हुई है। बताते चलें कि सदर कोतवाली में तैनात आरक्षी मंगला प्रसाद यादव व कुलदीप सिंह द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध उगाही की जा रही थी। साथ ही कार्यों में भी षिथिलता बरती जा रही है। जिसकी षिकायत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह से दर्ज कराई गई थी। मिल रही षिकायतों के मद्देनजर एसपी ने दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई होने से महकमे में हड़कंप मचा रहा। साथ ही दिन भर चर्चाओं का बाजार भी गर्म रहा। एसपी श्री सिंह का कहना रहा कि कार्यों में लापरवाही, षिथिलता के साथ अवैध उगाही को कतई बर्दाष्त नहीं किया जाएगा। षासन की मंषा के अनुरूप अधीनस्थ कार्यों को अंजाम दें। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का काम करें। साथ ही थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए।

## रास्ता निकालने को लेकर महिला को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम उदयराजपूत में मंगलवार की दोपहर जमीन में जबरन रास्ता निकालने को लेकर परिवार के ही चार लोगो ने 40 वर्षीय महिला को लात घूंसो से बुरी तरह पीट दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार उदयराजपूत गांव निवासी जागेष्वर की पत्नी मायादेवी को मंगलवार की दोपहर घर के सामने जबरन रास्ता निकालने को लेकर परिवार के ही छोटे राकेश, सुरेश एवं राजेश ने घर के अन्दर घुस कर लात घूंसो से पीट–पीटकर बेहोश कर दिया और मौके से फरार हो गये। इसकी जानकारी जब परिजनों अन्य परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज करा रही पुत्री नेहा ने बताया कि उसके परिवार के ही छोटू सुरेश, राकेश व राजेश अपनी जमीन पर घर बनवाये है लेकिन उसकी जमीन पर जबरन रास्ता निकाल रहे है। इसका विरोध जब मां ने किया तो सभी ने घर में घुस कर मारा पीटा जिससे उसकी मां को अन्दरूनी चोटे आयी है। हालत खराब होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। हालाकि पीडित के परिजनां थाने कोई तहरीर नहीं दी है।

# पीएमश्री जीआईसी में कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक, व्यावसायिक एवं रोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना रहा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। उनके साथ जिला सेवायोजन अधिकारी, प्राचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, डायट प्राचार्य, प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज अल्लापुर, तथा वित्तीय एवं लेखाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को कैरियर चयन, उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, चिकित्सा, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपने करियर से जुड़े प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया गया।

# सीपीएस बकेवर में छात्रों की हुई फेयरवेल पार्टी

### - हाईस्कूल के छात्रों को तिलक व मिष्ठान खिलाकर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल के बच्चों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव एवं निर्देशका प्राची श्रीवास्तव,



सीपीएस बकेवर प्रधानाचार्य नीता मिश्रा, सीपीएस बिंदकी प्रधानाचार्य डॉक्टर नितिन तिवारी ने दीप प्रज्जवलन किया गया तत्पश्चात कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 के छात्रों को तिलक एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया। आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके पश्चात कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उनके स्वभाव की अनुरूप नाम के द्वारा सुसज्जित किया गया जिसमें आदित्य तिवारी को मिस्टर सीपीएस एवं श्रेया चौरसिया को मिस सीपीएस जैसे उपनामों से सुसज्जित किया गया। कक्षा 10 के छात्रों द्वारा अध्यापकों से आशीर्वाद लेकर उनका आभार व्यक्त किया। अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को शुभाशीष वचन दिए गए। इस मौके पर कक्षा 10 के छात्र छात्राएं भाव विभोर हो गए। प्रधानाचार्या नीता मिश्रा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अज्ञात शव का हुआ पीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप शगुन ढाबा के सामने एनएच 2 में तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार सात फरवरी को शगुन ढाबा के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से अज्ञात वृद्ध की मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा उसकी शिनाख्त करने का प्रयास करने लगी। पहचान न होने पर मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर डीएम-एसपी ने मंदिरों का लिया जायजा

### - अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पर्व की सफलता एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिद्धपीठ तांबेष्वर मंदिर व ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत थवईष्वर मंदिर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अवनीष त्रिपाठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह, अधिषाशी अधिकारी नगर पालिका रविन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों एवं मंदिर समिति को महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कहा गया कि मंदिर परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की उचित तैनाती हो। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु एम्बुलेंस एवं चिकित्सा टीम उपलब्ध रहे। सफाई, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। प्रशासन का प्रयास है कि इस पवित्र पर्व पर कोई भी अप्रिय घटना न घटे और भक्तों को निर्बाध श्रद्धालु दर्शन का अवसर मिले। महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन प्रसिद्ध शिव मंदिरों में दर्शन करने आते हैं, इसलिए प्रशासन पहले से ही तैयारियों में जुटा हुआ है।

# फिल्म घूसखोर पंडत के विरुद्ध हुआ विरोध प्रदर्शन

### - अधिवक्ता व ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। फिल्म घूसखोरी पंडत पूरे देश में ब्राह्मण समुदाय के लोगों द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में खागा तहसील परिसर में अधिवक्ता साथियों सहित अन्य ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन यूपी जिला अधिकारी को सौपा, प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी किया गया। राजनीतिक दलों द्वारा एक तरफ जहां पूरे समाज को जाति धर्म समुदाय में बांटने का उपक्रम किया जा रहा है। वहीं फिल्मी जगत के माध्यम से भी ब्राह्मण समुदाय को टारगेट करते हुए घूसखोरी पंडत टाइटल की फिल्म लॉन्च किया गया है जिससे पूरे देश के ब्राह्मण द्वारा विरोध किया जा रहा है। ब्राह्मण समुदाय का आरोप है कि ये फिल्म केवल ब्राह्मण समुदाय को अपमानित करने के लिए ही बनाई गई है जो किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगी, इसका विरोध किया जाएगा। अधिवक्ताओं का आरोप है कि वर्तमान समय में देश विरोधी ताकतें सुनियोजित तरीके से समाज में विद्वेष फैलाना चाहती हैं। उनका कहना है कि बॉलीवुड फिल्म जगत भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने फिल्म घूसखोर पंडत का हवाला देते हुए कहा कि इसका निर्माण तथाकथित ब्राह्मण नीरज पाण्डेय ने किया है। जिसमें मनोज वाजपेयी ने अभिनय किया है और रितेश शाह ने निर्देशन किया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि फिल्म का प्रकाशन और प्रचार तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इसके साथ ही फिल्म



के निर्माता, अभिनेता और निर्देशक के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी विवादित फिल्म बनाने की हिम्मत न कर सके। इस मौके पर केशचन्द्र मिश्रा, आनंद मोहन त्रिपाठी, जगत नारायण तिवारी, रामसखा द्विवेदी, अरविंद पांडेय, राजेश द्विवेदी, अजय त्रिपाठी, जितेंद्र द्विवेदी, राजेश तिवारी, कृष्ण कुमार, विवेक पाठक, बलवंत सिंह, आशुतोष पांडेय, .ष्णकांत त्रिवेदी, अंशुमान शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, इंदल सिंह, आनंद मोहन त्रिपाठी, महेश सिंह, अरुण, अनूप कौशल, दुर्गेश अवस्थी, राहुल तिवारी, लक्ष्मीकांत अवस्थी, अंकित, योगेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# गांव से लेकर जंतर मंतर तक पहुंचा राज्य निर्माण आंदोलन

### - बुंदेलखंड के मन की बात सुने पीएम, राज्य बनाएं : प्रवीण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने फतेहपुर में आयोजित




जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन की आवश्यकता, पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला बुंदेलखंड क्षेत्र वर्षों से उपेक्षा, जल संकट, बेरोजगारी, पलायन और असमान विकास नीतियों का दंश झेल रहा है, जिसका स्थायी समाधान पृथक बुंदेलखंड राज्य के निर्माण में ही निहित है। प्रवीण पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड के फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, झांसी, जालौन (उरई), ललितपुर (उत्तर प्रदेश) तथा दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह और शिवपुरी (मध्य प्रदेश) सहित सभी जिलों के बुंदेलखंडवासी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जनआंदोलन किसी एक स्थान तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड में एक साथ चल रहा अभियान है। उन्होंने बताया कि मन की बात में भाग लेकर राज्य निर्माण की माँग रखने का यह संगठित अभियान बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बुंदेलखंड की सामूहिक पीड़ा, आकांक्षा और अधिकार को देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक पहुंचाना है। समिति के मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी देवव्रत त्रिपाठी ने अभियान की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 पर कॉल कर बीप के बाद 40–45 सेकंड में बुंदेलखंड राज्य की माँग रिकॉर्ड करा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बुंदेलखंड के सभी जिलों से अधिक से अधिक लोग इस माध्यम का उपयोग करेंगे, तो राज्य निर्माण की माँग को निर्णायक बल मिलेगा। अंत में समिति ने बुंदेलखंड के सभी जिलों के नागरिकों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और बुद्धिजीवियों से अपील की कि वे मन की बात में भाग लेकर बुंदेलखंड राज्य निर्माण की माँग को राष्ट्रीय विमर्श का अनिवार्य विषय बनाएं।

# हथगाम के वॉलीबॉल टूर्नामेंट में गोरखपुर बनी चैंपियन

### - कड़े मुकाबले में बनारस को हराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नेशनल वालीबाल टूर्नामेंट हथगाम की ओर से आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में कमल मेडिकल स्टोर के नाम से गोरखपुर की टीम ने गुड्डू खाद सेंटर बनारस की टीम को अंतिम सेट में 11–6 से हरा दिया। मैच बेहद रोमांचक रहा। एक–एक प्वाइंट बनाने में दोनों टीमों को जमकर पसीना बहाना पड़ा। पहला सेट जहां गोरखपुर ने जीता, वहीं दूसरे सेट में वापसी करते हुए बनारस ने जीत दर्ज की लेकिन फाइनल सेट में बनारस पीछे रह गई और फाइनल की ट्रॉफी गोरखपुर के नाम हो गई। लगभग आधी रात को फाइनल खेला गया लेकिन बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे जो खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे। पुरस्कार वितरण समाजसेवी सैयद मोहसिन हसन




के हाथों किया गया। विजेता टीम के कप्तान मो. शमीम ने ट्रॉफी ग्रहण की। विजेता टीम को 31 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद दिए गए। विजेता टीम के खिलाड़ी रेहान मैन ऑफ़ द मैच रहे जबकि उपविजेता टीम के खिलाड़ी आदित्य पांडेय मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे जिन्हें आजम कमर की ओर से मिक्सर ग्राइंडर मशीन प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में मोहसिन हसन की ओर से काफी सहयोग किया गया। अन्य दुकानदारों ने भी भरपूर सहयोग किया। लाइट की व्यवस्था मो.शादाब ताहिर ने की। यह वॉलीबॉल टूर्नामेंट नगर के सहयोग से आयोजित हुआ। टीमों के नाम भी नगर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नाम से रखे गए थे। सैयद मोहसिन हसन, आसिफ पप्पू, हफीजुल हसन, सैयद रेहान अहमद, अतीक अहमद, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह यादव आदि लोगों के नेतृत्व में अंतिम दिन प्रदेश स्तर की वॉलीबॉल की टीमों ने भाग लिया। मौके पर इंस्पेक्टर दुर्गेश प्रसाद गुप्त, सब इंस्पेक्टर राज बहादुर यादव, दीपक साहू सभासद, राकेश सिंह, कमल नयन साहू, प्रदीप शुक्ला, सलमान, दारा यादव, नफीस प्रधान, नग्गन, सुल्तान, अनवारूल हक, इसरार पहलवान, मोहम्मद शहजादे, शहाबुद्दीन, मुशीर अहमद साबिर अली सहित तमाम लोग रहे।

# सेफर इंटरनेट डे पर साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शासन की मंशानुरूप एवं जिलाधिकारी रविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को अपराह्न एक बजे सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सेफर इंटरनेट डे के उद्देश्य से अवगत कराया तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, ऑनलाइन धोखाधड़ी



एवं डिजिटल सुरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, समाजसेवी एवं अन्य संबंधित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बोर्ड बैठक कराए जाने की सभासदों ने उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिशद फतेहपुर की बोर्ड बैठक कराए जाने की मांग सभासदों ने उठाई। अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल बोर्ड बैठक बुलाकर नगर के विकास को गति दिए जाने की बात



कही गई। नगर पालिका परिशद के हरिहरगंज रेल बाजार सभासद अतीष कुमार पासवान के अलावा अन्य वार्डों के सभासदों संजय कुमार, विद्या देवी, अवषेश जायसवाल, विनय तिवारी, सरोज देवी, माया पटेल, सुनीता लोधी, दीपक मौर्या, नेहा द्विवेदी, विवेक सिंह, रीता पटेल आदि ने नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य को दिए गए मांग पत्र में कहा कि नगर पालिका बोर्ड की बैठक अप्रैल 2025 में आयोजित हुई थी। इसके बाद लगभग नौ माह व्यतीत हो गए, लेकिन आज तक बोर्ड बैठक का आयोजन नहीं किया गया। जिससे षहर का विकास व अन्य योजनाओं का लाभ नगरवासियों को नहीं मिल पा रहा है। इतना ही नहीं नगर का विकास भी बाधित हो रहा है। मांग किया कि जनहित एवं कार्यहित को ध्यान में रखते हुए बोर्ड बैठक का आयोजन षीघ्र कराया जाए।

# खागा तहसील सभागार में प्री मेगा शिविर आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा षिविर को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार मंगलवार को प्री मेगा शिविर का आयोजन तहसील खागा के सभागार में किया गया। षिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रेबेशन कार्यालय, जिला चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग, जिला दिव्यांग कल्याण विभाग, रेशम विभाग, जिला खाद्य एवं रसद विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग, राज्य पिछडा वर्ग, जिला उद्योग केन्द्र, मत्स्य विभाग सहायक श्रम आयुक्त श्रम विभाग, नगर पालिका परिसद फतेहपुर एवं वन स्टाप सेन्टर विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विभागों द्वारा लाभार्थियों को चिन्हांकन कर उनका पोर्टल पर रजिस्टर्ड किया गया। जिससे आगामी बाइस फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर/बृहद सहायता शिविर के आयोजन को सफल बनाया जा सके।

# व्यापार मंडल ने एसपी को किया सम्मानित

### - कार्यकाल की सराहना कर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां एसपी अनूप कुमार सिंह से मुलाकात कर उनके कार्यकाल की जमकर प्रषंसा की तत्पष्चात प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंटकर



सम्मानित किया। एसपी ने भी व्यापारियों को हरसंभव सहयोग का आष्वासन दिया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अगुवई में एक प्रतिनिधि मंडल एसपी कार्यालय पहुंचा। जहां कप्तान से मुलाकात कर उन्हें अंग वस्त्र व प्रतीक चिंह भेंट करके सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले की पुलिसिंग व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। साथ ही अपराधियों में भी भय व्याप्त हुआ है। कई घटनाओं का पुलिस ने तत्काल खुलासा भी किया है। उन्होने एसपी के कार्यों को जमकर सराहा। उधर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आष्वस्त किया कि जिले की पुलिस उनके साथ खड़ी है। किसी भी व्यापारी को कोई समस्याए आए तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। इस मौके पर समीर अग्रहरि, अन्नू केसरवानी, नितिन गुप्ता, सतीष गुप्ता, उत्कर्ष सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सोनू तिवारी, श्रीकांत अग्निहोत्री, अखिलेश कुमार, गुलजार सिंह, मनोज सिंह आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में बालिका समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। जनपद के अलग– अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सडक हादसों के दौरान बालिका समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ला निवासी मुनव्वर शाह की 7 वर्षीय पुत्री आयशा घर के बाहर रोड़ किनारे खेल रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गयी। इसी प्रकार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के नौदीखेड़ा गांव निवासी चन्द्रभान का 30 वर्षीय पुत्र बीरू सोमवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह किशानपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत विजयीपुर के पास पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। घटना की जानकारी बहन प्रिया सिंह ने दी है। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के बीबी हाट गांव निवासी विजयसिंह का 22 वर्षीय पुत्र मोहन बाइक लेकर जा रहा था। तभी रजाबाद गांव के पास अनियंत्रित होकर गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )